


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- नरदहा संग सेमरिया, धनसुली और सकरी का भी यही हाल
- ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्कूलों में दाखिला, फर्जी किरायानामा बनवाकर

# चार गांव, चार बड़े स्कूल...इनमें सरकारी खर्चे पर पढ़ रहे सिर्फ 300 थोक में फर्जी किरायानामे का शक, ग्रामीण बोले- कुछ तो गड़बड़ है....

हरिभूमि खास

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

विधानसभा इलाके में चार बड़े प्रतिष्ठित निजी स्कूल... ना सिर्फ रायपुर बल्कि प्रदेश के शीर्ष निजी विद्यालयों में इनकी गिनती होती है, लेकिन आसपास के चार गांवों का दुर्भाग्य है कि इन स्कूलों में उनके बच्चे आरटीई के तहत यानी सरकारी खर्चे पर नहीं पढ़ सकते। आंकड़े तो यही बताते हैं। इन स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा तक आरटीई कोटे से लगभग 500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों के तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में मुख्य रूप से ▶▶|शेष पेज 7 पर



फोटो: अजय साहू

## आवेदन करते-करते उम्र ही निकल गई

आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने छात्रों की आयु सीमा निर्धारित है। 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे के ही आवेदन नर्सरी कक्षाओं अथवा पहली कक्षा में प्रवेश के लिए स्वीकार किए जाते हैं। गांव पहुंचने पर कई ग्रामीण ऐसे मिले, जो बीते 3 से 4 साल तक आवेदन करते रहे, लेकिन उनके बच्चों का नाम आरटीई सूची में आया ही नहीं। जब आरटीई आवेदन की उम्र ही निकल गई तो कुछ ने सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवा ▶▶|शेष पेज 7 पर

## निकाल रहे रिश्तेदारी

ग्रामीणों ने बताया कि कई ऐसे हैं जो गांव में नहीं रहते हैं बल्कि उनके रिश्तेदार यहां रहते हैं। ऐसे में वे रिश्तेदार के पते के आधार पर बच्चों को दाखिला करवा रहे हैं। ऐसे केस थोक में है, जबकि माता-पिता के पते के आधार पर ही बच्चों को दाखिला दिया जाता है। वे कहते हैं कि, हमारे गांव की जमीन पर ही स्कूल बना है और हमारे बच्चों का ही यहां प्रवेश नहीं हो पा रहा है। नरदहा के पूर्व सरपंच अनिल टंडन ने बताया, हम कई बार भौतिक सत्यापन की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान ही नहीं देता है। यही स्थिति रही तो हमें धरना-प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ेगा।

### कभी नहीं होता चयन

*हमारे बच्चों का चयन कभी भी नहीं होता है। अभी तक सिर्फ 2-4 का ही संयोगवश हुआ है। किससे क्या कहें, समझ नहीं आता है।*

*- पप्पु चेलक, सरपंच, धनसुली*

### आए थे किरायानामा बनवाने

*फर्जी किरायानामा बनते रहा है। इस बार भी दो लोग आए थे किरायानामा बनवाने के लिए। मैंने मना कर दिया। हमारे बच्चों का हक मार रहे हैं। 3 किमी दायरे का भी विवाद चलता रहता है।*

*- नारायपण प्रसाद, सरपंच, सकरी*

### स्कूलों की गलती नहीं

*दस्तावेज सत्यापन की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी की होती है। इसमें स्कूलों की गलती नहीं है। जो नाम सत्यापन और चयन उपरांत प्राप्त होते हैं, उन्हें ही प्रवेश दिया जाता है।*

*-राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ*

### हमारे बच्चों को दाखिला नहीं



*मोटर रिवाइंडिंग का काम करता हूं। दो साल से आरटीई फॉर्म भर रहा हूं। आवेदन करते-करते अब तो बच्चे की उम्र भी निकल गई। ऐसे कई बच्चे हैं, जो हमारे गांव के नहीं हैं, लेकिन आरटीई कोटे से उनका दाखिला इन बड़े स्कूलों में हो गया है।*

*- जयप्रकाश वर्मा, नरदहा*

### पैसे देकर पढ़ा रहा



*मिस्त्री और पेंटिंग का काम करता हूं। दो बच्चे हैं। पिछले कई साल से ज्ञान गंगा और ब्राइटन में आरटीई कोटे से दाखिले के लिए आवेदन दिया, लेकिन सीट नहीं मिली। अब एक छोटे प्रावइेट स्कूल में सालाना 20 हजार देकर बच्चों को पढ़ा रहा हूं।*

*- ओमप्रकाश गायकवाड़, नरदहा*

### किसी भी बच्चे का प्रवेश नहीं



*कृषि के जरिए भरण-पोषण करते हैं। दो बच्चे हैं। कई सालों तक बड़े स्कूलों में आरटीई फॉर्म भरते रहे, लेकिन कहीं भी प्रवेश नहीं मिला। अब पैसे देकर गांव के ही एक स्कूल में पढ़ा रहे हैं।*

*- नारंग, नरदहा*

### नाममात्र बच्चों का चयन



*हमारे गांव में तो इन बड़े स्कूलों में पढ़ने वाले गिनती के ही बच्चे होंगे। हम हर साल आवेदन देते हैं, लेकिन कभी भी चयन नहीं हुआ। अब तो चयन की उम्र ही निकल गई है।*

*-कोमलचंद देवांगन, सेमरिया*

### गांव के कुछ ही बच्चे



*नरहदा में स्थित बड़े निजी विद्यालयों के आरटीई दायरे में हमारा गांव भी आता है। हमारे गांव के सिर्फ 2-4 बच्चे ही हैं, जो इन स्कूलों में पढ़ते हैं। हालांकि ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन किया प्रतिवर्ष किया जाता है।*

*- मनीष सारंग, पूर्व सरपंच, सेमरिया*






कन्हेर गांव के आउटर में फेंका गया था चारा

# केमिकल ने ली आधा दर्जन मवेशियों की जान चारा में यूरिया की गंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना क्षेत्र के कन्हेर गांव स्थित मेटल पार्क के पास खुले में पड़े चारा खाना से आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों की मौत होने की जानकारी पुलिस तथा पशु चिकित्सा विभाग की टीम को रविवार सुबह मिली। मामले को लेकर गांव में गुस्सा है।

मवेशियों की जहां लाश मिली है, वह गांव का आउटर है। वहां मवेशी चारा चरने के लिए जाते हैं। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक, दो दिन पूर्व चारा को लाकर फेंका गया है, जिसे खाने से गायों की मौत हुई है। जिन मवेशियों की मौत हुई है, उनके पालकों के बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। आसपास ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 40 से 50 मवेशियों के बीमार होने की आशंका

*मवेशियों की मौत के बाद मौके पर बिरगांव नगर निगम की टीम चारा नष्ट करने के लिए पहुंची थी। चारा को नष्ट करने जेसीबी की मदद से एक बड़ा गड्ढा खोदा गया। उसी गड्ढे में चारा डालकर ऊपर से मिट्टी पाटी जा रही थी। निगम कर्मियों ने बताया कि जब वे चारा नष्ट करने पहुंचे तो वहां अन्य मवेशी उसी चारे को चर रहे थे। निगम कर्मियों ने चारा खाने से 40 से 50 मवेशियों के बीमार होने की आशंका व्यक्त की है।*

# घर में मिला महिला डॉक्टर का शव, सिर पर चोट के निशान

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 50 वर्षीय महिला चिकित्सक अपने घर में मृत पाई गईं। उनके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला का शव शनिवार रात हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के लाडीकर लेआउट स्थित उनके घर में मिला। उन्होंने बताया कि महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना अनिल राहुले सरकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

*मृतिका के पति रायपुर में कार्यरत*

### हत्या का मामला दर्ज

हुडकेश्वर पुलिस थाने में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस अधिकारी ने कहा, अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। हम यह जांच कर रहे हैं कि घर से कुछ गायब तो नहीं है। हम अर्चना के मोबाइल फोन रिकॉर्ड का भी विश्लेषण कर रहे हैं ताकि मामले को सुलझाने में अन्य कोई सुराग मिल सके।

नहर में गिरी पिकअप

# एक शव बरामद, दो मासूम सहित 4 लापता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पड़ोसी जिले के सक्ती रेड़ा से लगभग 2 दर्जन लोग छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा खरहरी आ रहे थे कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में पलट गयी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वाहन में सवार लगभग 19 लोग तैर कर नहर से सुरक्षित बाहर आ गए लेकिन 5 लोग लापता हो गए। आनन फानन में पुलिस की मदद से रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर नहर में बहे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जेसीबी और ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया बाहर

*हादसे के होते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियों को दी। हादसे की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी टीम लापता लोगों की खोजबीन में जुटी रही तो वहीं नहर में डूबे पिकअप वाहन को निकालने की भी* ▶▶|शेष पेज 7 पर


शिक्षित बनो
संगठित रहो
संघर्ष करो
भारतीय संविधान के निर्माता
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की
134 वीं सार्वजनिक जयंती समारोह
14 अप्रेल 2025, दिन सोमवार
स्थान : हिन्दी भवन के सामने,
झाडुराम देवांगन गवर्नमेंट स्कूल के
पीछे मैदान में, दुर्ग (छ.ग.)
अजीत वैद्य
पार्षद-वार्ड नंबर 12
मोहन नगर पश्चिम, दुर्ग छत्तीसगढ़

रायपुर
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 266
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**



मौसम
अधि. 39.8
न्यून. 25.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# कोंडागांव में गिरे ओले, तेज आंधी, बस्तर में मक्के की फसल बर्बाद



*घाटलोहंगा। बस्तर में एक ओर इंद्रावती नदी के सूखने से सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, वहीं, दूसरी ओर हाल ही में आई तेज आंधी और हल्की बारिश ने मक्का की फसल को नष्ट कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में रविवार को जोरदार बारिश और ओलावृष्टि हुई है। कोंडागांव जिले में तेज आंधी-तूफान के साथ ओले गिरे हैं। ओले गिरने के कारण किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। बस्तर में मक्के की फसल बर्बाद हो गई। पश्चिमी विक्षोभ के चलते बनी द्रोणिका का असर रायपुर और बिलासपुर संभाग में भी नजर आता रहा। आसमान में सुबह से हल्के ▶▶|शेष पेज 7 पर



■ छत्तीसगढ़ में मौसम का बदला मिजाज, तेज आंधी से घरों के उड़े छप्पड़, अगले 24 घंटे का अलर्ट

### 17 राज्यों में अलर्ट

इधर, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है। राजस्थान में शनिवार को बिजली-आंधी से 2 लोगों की मौत हो गई है।

### कबीरधाम में ओले गिरे राजधानी में चली तेज हवा


रायपुर। छत्तीसगढ़ में कई इलाकों का रविवार को दोपहर के बाद मौसम बदल गया। बस्तर कोंडागांव में तेज आंधी के साथ जमकर ओले गिरे और काफी देर तक बारिश हुई। कबीरधाम जिले के आगरपानी और आसपास तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। राजधानी में गर्मी का प्रभाव थोड़ा कम हुआ और शाम होने के बाद तेज हवा चली। बंगाल की ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पटाखा कारखाने में आग से आठ की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया।



नायडू ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और अधिकारियों से रिपोर्ट सौंपने को कहा। राज्य की गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया, आग लगने की दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

# वक्फ कानून के विरोध में हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद खाली, भीड़ का मालदा कूच!

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित सैकड़ों लोगों ने भागीरथी नदी पार कर मालदा में शरण ली है। स्थानीय प्रशासन ने दंगा प्रभावित परिवारों के लिए आश्रय और भोजन की व्यवस्था की है तथा उन्हें स्कूलों में शरण दी है। साथ ही मुर्शिदाबाद से नावों से आने वालों की सहायता के लिए नदी तट पर स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज समेत कई इलाकों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए, जो सांप्रदायिक हिंसा में बदल गए। इसके कारण प्रभावित लोगों का पलायन शुरू हो गया। मीडिया में आई तस्वीरों में मुर्शिदाबाद के इन इलाकों में दुकानें, होटल और घर जलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ मुर्शिदाबाद से पलायन करने वाली एक युवती ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

*पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और बर्बादी का मंजर रविवार को भी नजर आया। सड़कों पर जले हुए वाहनों, लूटे गए शॉपिंग मॉल और फार्मेसी में तोड़फोड़ के रूप में देखने को मिला। मुर्शिदाबाद में रविवार को सड़कें सुनसान रहीं, दुकानें बंद रहीं। इधर, मुर्शिदाबाद से डर के कारण कई लोगों ने नदी पार कर मालदा में शरण ली।*

### खास बातें

- सैकड़ों लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर, सड़कें सुनसान, दुकानें बंद
- भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा, जमकर साधा निशाना



### कई इलाकों में हिंसा

मुर्शिदाबाद जिले के सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज समेत कई इलाकों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए, जो सांप्रदायिक हिंसा में बदल गए। इसके कारण प्रभावित लोगों का पलायन शुरू हो गया।

### भाजपा बोली- 400 लोग पलायन को मजबूर

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि हिंसा के बाद धुलियान से 400 लोग पलायन करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, धार्मिक कट्टरपंथियों के डर के कारण मुर्शिदाबाद से 400 से अधिक हिंदू नदी पार भागने और मालदा में शरण लेने के लिए मजबूर हुए हैं। टीएमसी की तुष्टीकरण की राजनीति ने कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दिया है।

### मदनी बोले- लड़ाई जारी रहेगी चाहे कितनी भी कुर्बानी देनी पड़े

वक्फ संशोधन कानून को लेकर मुस्लिम संगठनों की दिल्ली में बड़ी बैठक आयोजित की गई। वक्फ संशोधन अधिनियम पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुर्बानी देनी पड़े। महमूद मदनी ने कहा, यह वक्फ का मामला नहीं बल्कि राजनीति है। मुसलमानों के नाम पर, कभी मुसलमानों को गाली देकर या मुसलमानों का हमदर्द बनकर दुर्भावना के साथ इस अधिनियम को लागू किया गया। यह अधिनियम या संशोधन देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। मदनी ने कहा, 'हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुर्बानी देनी पड़े।

**मुस्लिम संगठनों की बड़ी बैठक**




## कारबेल में हुई घटना

# एसयूवी की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

कारबेल में रविवार की देर शाम पुलिया पर एसयूवी की टक्कर से तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक बाइक से उछलकर पुल से 20 फीट नीचे गिर गया। घटना के बाद तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाया गया है। अब तक सिर्फ एक मृतक की पहचान हो पाई है। मृतक जिंदल प्लांट में काम करता था जबकि दो अन्य युवकों की ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ टक्कर के बाद पुल से नीचे गिरा एक युवक, दो की नहीं हुई पहचान



### दो दिन पहले निकला था रायगढ़ से

अब तक की जांच में सिर्फ एक मृतक की पहचान हो पाई है। पुलिस के अनुसार उदयपुर के गुमगा निवासी विनोद पैकरा रायगढ़ जिंदल फैक्ट्री में काम करता था। विनोद दो दिन ▶▶|शेष पेज 7 पर



# अंतरिक्ष में ऐसे बीतता है आम दिन, स्पेस में 340 दिन लगातार रहने वाले यात्री ने क्या बताया?



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

हाल ही में भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की 286 दिनों बाद धरती पर सकुशल वापसी हुई थी। स्पेस में इतने दिन गुजारने के बाद उनकी सेहत को लेकर कई तरह की चिंताएं सामने आईं। इस दौरान लोगों के मन में कई तरह के सवाल भी उठें। अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में अपना दिन कैसे बिताते हैं? वह वहां किस तरह के कार्य करते हैं? क्या उन्हें कोई छुट्टी मिलती है? वह कब सोते हैं और कैसे? इन सब सवालों के जवाब दिए हैं स्कॉट केली ने। स्कॉट केली इस क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। स्कॉट केली का जन्म 21 फरवरी 1964 को अमेरिका में हुआ था। केली चार बार अंतरिक्ष की यात्रा पर जा चुके हैं। उनके नाम लगातार 340 दिनों तक स्पेस में रहने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने लगभग 520 से ज्यादा दिन अंतरिक्ष में गुजारे हैं।



## अंतरिक्ष स्टेशन पर जीवन को लेकर रोचक बातें साझा की

नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री और रिटायर्ड अमेरिकी नेवी कैप्टन स्कॉट केली ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जीवन को लेकर रोचक बातें साझा की हैं। उन्होंने बताया है कि अंतरिक्ष में एक आम दिन कैसा होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'आईएसएस पर एक सामान्य दिन जीएमटी के समय के हिसाब से ही चलता है। आप आम तौर पर सुबह छह बजे उठते हैं। फिर आपको कुछ रिसर्च करने होते हैं। इसमें खुद के मेडिकल सैंपल लेने होते हैं। इसके बाद सुबह की गतिविधियों को जल्दी से निपटाया जाता है, जैसे नहाना, अपने शरीर पर गंदगी को वॉशक्लॉथ से साफ करना और नाश्ता करना।'

## करनी होती है खूब सारी एक्सरसाइज

उन्होंने आगे वहां होने वाले कामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया, 'और फिर अगले 12 घंटे हमें साइंटिफिक रिसर्च करने, कुछ चीजों की देखरेख और फिर हार्डवेयर को ठीक करने की जिम्मेदारी दी जाती है। वहां खूब सारी एक्सरसाइज भी करनी होती है। और फिर दिन के अंत में, रात के खाने के समय, शाम के सात बजे, अगले दिन की योजना के बारे में बात करने के लिए ग्राउंड के साथ एक कॉन्फ्रेंस करते हैं। फिर रात का खाना खाते हैं और फिर आराम का समय होता है।'



## स्पेस में यात्रियों को मिलता है वीक ऑफ

स्कॉट पेली ने आगे बताया कि स्पेस में यात्रियों को वीक ऑफ भी मिलता है, लेकिन यह सिर्फ एक दिन का होता है। केली ने बताया, 'कभी-कभी हमारी रोजाना की दिनचर्या स्पेसवॉक या रोबोटिक्स गतिविधियों जैसी चीजों से बाधित होती है। लेकिन, आमतौर पर अधिकांश दिन अंतरिक्ष स्टेशन पर सामान को ठीक करने या रखरखाव करने में भी बीतता है।' केली ने क्रू के शेड्यूल का उल्लेख करते हुए बताया, 'आमतौर पर हमें एक दिन की छुट्टी मिलती है।'

---

## रोचक खबरें

# 4 करोड़ रुपए में 500 मगरमच्छ नीलाम कर रही कोर्ट, पर नहीं मिल रहा ग्राहक



**बीजिंग।** अदालत न्याय सुनाती है, पर क्या आपने कभी कोर्ट को कोई सामान नीलाम करते देखा है? ऐसा अजीबोगरीब मामला चीन में देखने को मिल रहा है। यहां पर एक कोर्ट सामान नीलाम करना चाह रही है। सामान भी ऐसा, जिसे हर कोई नहीं खरीदना चाहेगा। ये सामान जीते-जागते मगरमच्छ हैं। वो भी 1-2 नहीं, बल्कि 100 टन! जी हां, चीन की एक कोर्ट 100 टन मगरमच्छ नीलाम करना चाहती है, पर समस्या ये है कि उन्हें कोई ग्राहक ही नहीं मिल रहा है। इससे पहले कोर्ट 2 बार मगरमच्छों को नीलाम करने की नाकाम कोशिश कर चुकी है। एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार शेनजेन नैनशेन पीपल्स कोर्ट ने 200 से 500 मगरमच्छों की नीलामी की घोषणा की है जो करीब 100 टन के हैं। वो ये मगरमच्छ 5,50,000 डॉलर यानी करीब 4 करोड़ रुपयों में बेच रही है।

### नीलाम हो रहे 100 टन मगरमच्छ

ये सारे मगरमच्छ गुआंगडॉन्ग हॉन्गाई क्रोकोडाइल इंडस्ट्री कंपनी के थे। कंपनी की आर्थिक स्थिति बिगड़ने की वजह से उसे अपनी सारी संपत्तियों को नीलाम कर के कर्ज चुकाना पड़ा। इनमें मगरमच्छ भी शामिल थे। ये सारे ही सियामी मगरमच्छ हैं, जिन्हें चीन में 100 से ज्यादा सामानों के उत्पाद के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मेकअप से लेकर वाइन तक इस लिस्ट में शामिल हैं। चीन में इनकी कमर्शियल फार्मिंग और ट्रेडिंग भी होती है।

### कोर्ट ने रखी कुछ शर्तें

अब सवाल ये उठ रहा है कि अगर मगरमच्छ इतने फायदे के हैं, तो इन्हें कोई खरीद क्यों नहीं रहा है? दरअसल, कोर्ट इन मगरमच्छों की हैंडलिंग या शिपिंग के लिए पैसे नहीं देगी।

# कौन है ये वकील? जो अपने बर्थडे पर अजनबियों को देगा साढ़े 8 करोड़ रुपए

**वॉशिंगटन।** एक मशहूर वकील ने अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाकर सोशल मीडिया पर सनसनी फैला दी है। शख्स ने ऐलान किया है कि वह चकाचौंध वाली लैविश पार्टियों से ऊब चुका है, इसलिए उसने अजनबियों को 1 मिलियन डॉलर (यानि साढ़े 8 करोड़ रुपए से अधिक) देकर समाज को कुछ लौटाने का फैसला किया है। यहां बात हो रही है टेक्सास के मशहूर वकील थॉमस जे हेनरी की, जिन्होंने इंस्टाग्राम पर कई पोस्ट के जरिए की घोषणा की है। उनके मुताबिक, यह टेक्सास के लोगों को बड़े पैमाने पर गिवअवे देने का एक राज्यव्यापी अभियान है। वकील हेनरी के अनुसार, 7 अप्रैल से यह अभियान शुरू हो चुका है। हम हर हफ्ते अजबनबियों को $25,000 (यानि लगभग 22 लाख रुपए) दे रहे हैं। इसका मतलब ये हुआ कि हर हफ्ते पांच विजेताओं को $5,000 (यानि लगभग 4.33 लाख रुपये) मिलेंगे। वहीं, दिसंबर में दो विजेताओं को ग्रैंड प्राइज मनी के तौर पर प्रत्येक को $100,000 (यानि 8.65 करोड़ रुपए से अधिक) मिलेंगे।



# विदेश में चीनी रेस्टोरेंट की गंदी करतूत भूनी बत्तख बताकर खिला रहे थे ये चीज

**मैड्रिड।** चीन के लोग दुनिया को धोखा देने में माहिर होते हैं, ये चाहे दुनिया के किसी भी कोने में चले जाए मुनाफे के लिए दूसरों को ठगना नहीं छोड़ते। इसी से जुड़ी एक हैरान करने वाली कहानी स्पेन से सामने आई है। जहां एक रेस्टोरेंट ने भूना हुआ बत्तख बताकर अपने ग्राहकों को अजीबोगरीब चीज खिला दी। कई बार ऐसा होता है कि रेस्टोरेंट वाले कुछ चीजें एकदम जुगाड़ पर चलाने को तैयार रहते हैं। ऐसा सिर्फ अपने इंडिया में नहीं, बल्कि विदेशों में भी बराबर देखने को मिलता है। जिसके किस्से आए दिन लोगों के बीच चर्चा में बने रहते हैं। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों स्पेन की राजधानी मैड्रिड से सामने आई है। जहां एक लोकल पुलिस ने छापा मारकर एक चाइनीज रेस्टोरेंट को बंद करवा दिया। इसके पीछे की कहानी जब लोगों के सामने आई है तो हर कोई हैरान रह गया और यही कहने लगा कि प्रशासन ने सही कदम उठाया है।



**सड़क से उठाता था कबूतरों को :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये चीनी रेस्टोरेंट सड़क से कबूतरों को उठाता था और उन्हें ग्राहकों को भूने हुए बत्तख के रूप में बेच देता था। इनके यहां जब छापा लगा तो इनकी रसोई में गंदगी काफी ज्यादा देखने को मिली। इसके साथ ही वहां कबूतर और अन्य प्रतिबंधित समुद्री जीवों का मांस मिला बरामद हुआ। इसके अलावा उन्हें ये पता चला कि रेस्टोरेंट वाले सड़क से कबूतरों को पकड़ते थे और उनके पंख नोचकर नमक-मिर्च मसाला डालकर कस्टमर को सर्व कर देते थे और उन्हें ये बताते थे कि ये एक पारंपरिक चाइनीज डिश है।

---

**भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर चेतावनी**

## बार-बार आ सकते हैं महाविनाशक भूकंप

# भारतीय महाद्वीप के दो हिस्सों में टूटने का खतरा

एजेंसी ▶▶| लंदन

फर्ज कीजिए, एक विशाल जमीन का टुकड़ा, जो पिछले लाखों सालों से स्थिर है, वो अचानक अंदर से टूटने लगे। ये कोई साइंस फिक्शन कहानी नहीं है, बल्कि भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर चेतावनी है। हाल ही में भूवैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि भारतीय प्लेट दो हिस्सों में विभाजित हो रही है, जिससे हिमालय क्षेत्र में बड़े भूगर्भीय परिवर्तन हो सकते हैं। हाल ही में की गई स्टडी से पता चला है कि भारतीय प्लेट दो भागों में विभाजित हो रही है, जो इस क्षेत्र के भूवैज्ञानिक स्थिति को हमेशा के लिए एक नया आकार दे सकती है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन में प्रकाशित एक लेख में इस अभूतपूर्व खोज को लेकर जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस भूभाग में प्लेट अलग हो रही है और पृथ्वी के मेंटल में डूब रही है। इस स्टडी रिपोर्ट में भारतीय महाद्वीप में आने वाले भूकंप और खतरों को लेकर कई अहम जानकारियां दी गई हैं।



### धीरे-धीरे होते हैं भूगर्भीय परिवर्तन

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के भूभौतिकीविद् साइमन क्लेम्परर ने कहा कि 'हिमालय टकराव क्षेत्र जैसे हाई कंप्रेशन वाले क्षेत्रों में टेक्टोनिक प्लेटें अक्सर कई दरारें दिखाती हैं। ये दरारें पृथ्वी की पपड़ी में तनाव निर्माण को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे भूकंप का जोखिम बढ़ जाता है।' आपको बता दें कि हिमालय क्षेत्र पहले से ही भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है। डेलैमिनेशन की प्रक्रिया इस क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा सकती है, जिससे ज्यादा तीव्र और बार-बार भूकंप आ सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया तिब्बती पठार में गहराई से दरारें उत्पन्न कर सकती है। हालांकि यह खोज काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अभी सिर्फ एक प्रारंभिक संकेत है। अभी और शोध की आवश्यकता है ताकि इस प्रक्रिया के लंबे समय तक पड़ने वाले प्रभावों को पूरी तरह समझा जा सके।

### तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों

इस स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय प्लेट, जो लगभग 60 मिलियन वर्षों से यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है, वो अब एक नई प्रक्रिया से गुजर रही है, जिसे 'डेलैमिनेशन' कहा जाता है। इस प्रक्रिया में प्लेट का घना निचला हिस्सा पृथ्वी के मेंटल में समा रहा है, जिससे प्लेट के भीतर एक लंबवत दरार उत्पन्न हो रही है। तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों और हीलियम समस्थानिकों का विश्लेषण करने के बाद इस घटना के बारे में पता चला है, जिससे प्लेट में एक ऊर्ध्वाधर दरार का पता चला, जिसके बारे में वैज्ञानिकों को पहले जानकारी नहीं मिल पाई थी।

### पृथ्वी के गर्भ में छिपा ये खतरा कैसा है?

आपको बता दें कि डेलैमिनेशन एक भूगर्भीय प्रक्रिया है जिसमें टेक्टोनिक प्लेट का निचला हिस्सा अलग होकर मेंटल में समा जाता है। यह प्रक्रिया प्लेट की स्थिरता को प्रभावित कर सकती है और क्षेत्र में भूकंप की संभावना बढ़ा सकती है। यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के भूगर्भशास्त्री डौवे वैन हिंसबर्गेन ने कहा है कि 'हमें नहीं पता था कि महाद्वीप इस तरह से व्यवहार कर सकते हैं, और यह ठोस पृथ्वी विज्ञान के लिए बहुत ही मौलिक है।' उन्होंने कहा कि 'यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताती है कि न सिर्फ प्लेट की सतह पर अलग-अलग मोटाई और विशेषताएं हैं, बल्कि टेक्टोनिक शिफ्ट को ऑपरेट करने वाली अंदरूनी प्रक्रियाएं पहले से समझी गई तुलना में कहीं ज्यादा जल्दी से बदल रही हैं और इसे समझना काफी ज्यादा मुश्किल है।'

# भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचा चुकी हैं 'रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया', चंद्रयान मिशन को किया था लीड

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो की साइंटिस्ट और एयरोस्पेस इंजीनियर डॉक्टर ऋतु करिधल को देशभर में 'रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया' कहा जाता है। भारत के कई स्पेस मिशन में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है। 13 अप्रैल 1975 में जन्मीं ऋतु करिधल आज अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं. वह साल 1997 से ही ISRO से जुड़ी है। चलिए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें।

**भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचाया :** ऋतु करिधल ने ISRO के चंद्रयान 3 मिशन में प्रमुख वैज्ञानिक के तौर पर भूमिका निभाई थी। इस मिशन की कमान उन्हीं के हाथों में थी। वह साल 2014 में मार्स ऑर्बिटर मिशन की ऑपरेशन की डेप्यूटी डायरेक्टर रह चुकी हैं। भारत को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में ऋतु का काफी योगदान रहा है।

**लखनऊ से की पढ़ाई :** ऋतु करिधल का जन्म 13 अप्रैल साल 1975 में लखनऊ में हुआ था. उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से B.SC और M.SC की पढ़ाई की, जिसके बाद उन्होंने पीएचडी भी किया। ऋतु करिधल की बचपन से ही स्पेस में रुचि थी. इसलिए उन्होंने अपना भविष्य भी अंतरिक्ष में ही बनाया। इसके लिए उन्होंने बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान) से अपनी पढ़ाई पूरी की।



### कई बार हुईं सम्मानित

डॉक्टर ऋतु करिधाल को साल 2007 में एडीजे अब्दुल कलाम से इसरो युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।इसके साथ ही उन्हें साल 2024 में उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। ऋतु करिधाल ने मंगलयान के मंगल ऑर्बिटर मिशन की सफलता के बारे में टीईडीएक्स पर भी बताया है। उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

# अनोखी पंरपरा : शादी के लिए चुरानी पड़ती है दूसरे की पत्नी

**लंदन।** दुनिया के कई देशों में आज भी लोग अजीबोगरीब रीति रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हैं। जनजातियां और आदिवासी प्रजातियां अपनी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए दुनियाभर में जानी जाती हैं। शादी को लेकर हर जगह लोगों की अपनी-अपनी मान्यताएं और रीति रिवाज होते हैं। लेकिन आज हम आपको अपनी इस खबर में एक ऐसी परंपरा को बारे में बताएंगे, जिसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। पश्चिमी अफ्रीका में एक ऐसी जनजाति रहती है, जो एक अजीबोगरीब पंरपरा का पालन करती है। इस जनजाति शादी करने के लिए किसी दूसरे की पत्नी को चुराना पड़ता है। यहां पर परंपरा की वजह से लोग एक-दूसरे की पत्नियों को चुराकर शादी करते हैं। इस अनोखे रस्म और रिवाज से जुड़ी बातों के बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन यह सच है।



### दूसरी शादी करने का रिवाज है अनोखा

दरअसल, पश्चिमी अफ्रीका में रहने वाली इस जनजाति का नाम वोदाब्बे है। इस जनजाति के लोग एक-दूसरे की पत्नियों को चुराकर शादी करते हैं। इस तरह की शादी वोदाब्बे जनजाति के लोगों की पहचान है। इस जनजाति के लोगों में एक-दूसरे की पत्नी को चुराने की अनोखी परंपरा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जनजाति के लोग पहली शादी घर अपने परिवार के लोगों की मर्जी से करते हैं, लेकिन दूसरी शादी करने का रिवाज थोड़ा अनोखा है।

### तरह-तरह की गतिविधियों से रिझाते हैं दूसरे की पत्नियों को

इस जनजाति के लोगों के बीच हर साल एक फेस्टिवल का आयोजन होता, जिसका नाम गेरेवोल फेस्टिवल है। इस आयोजन के दौरान लड़के सज-धज कर अपने चेहरे को रंग लेते हैं। इसके बाद सामूहिक आयोजन में डांस और तरह-तरह की गतिविधियों से दूसरे की पत्नियों को रिझाते हैं। हालांकि, इस दौरान यह ख्याल रखा जाता है कि उसके पति को इस बात की जानकारी न हो। इसके बाद अगर कोई महिला दूसरे पुरुष के साथ भाग जाती है तो उस समुदाय के लोग दोनों को ढूंढकर उनकी शादी करा देते हैं।

**अद्भुत** — अमेरिका के टेक्सस में स्थित यह पेट्रोल पंप एक मॉल जैसा अनुभव देता है

# दुनिया का सबसे बड़ा पेट्रोल पंप, जहां 120 कारों में एक साथ डलता है फ्यूल

**न्यूयार्क।** पेट्रोल भरवाना ज्यादातर लोगों के लिए एक साधारण काम है, जो लंबी ड्राइव से पहले करना पड़ता है। आमतौर पर शहरों में मौजूद पेट्रोल स्टेशनों पर 8-10 पंप ही होते हैं, जिससे गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे पेट्रोल पंप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। अमेरिका के टेक्सस में स्थित यह पेट्रोल पंप एक मॉल जैसा अनुभव देता है, जहां रुकना किसी सैर से कम नहीं है। टेक्सस के लूलिंग शहर में बना ये पेट्रोल पंप बक-ईज़ का है, जो ऑस्टिन से करीब 47 मील दूर है। इस फ्यूल स्टेशन की खासियत सुनकर आप चौंक जाएंगे। यहां 120 पेट्रोल पंप हैं और ये 75,000 स्क्वैयर फीट से ज्यादा बड़ा है। हाल ही में एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर टॉड ने इस पेट्रोल पंप का दौरा किया। वो वहां जो देखकर आए, उसने उनके होश उड़ा दिए।



टॉड ने बताया, 'यहां 120 पेट्रोल पंप एक लाइन में लगे हैं और अंदर जाते ही एक विशाल स्टोर है, जिसमें मिठाइयां, बेकरी, मर्चेंडाइज और दुनिया भर में मशहूर साफ टॉयलेट्स हैं। यहां एक स्मोक्ड मीट सेक्शन भी है, जहां ताजा ब्रिस्केट तैयार होता है।' टॉड ने यहां के खाने की तारीफ में जमकर बातें कीं। उन्होंने सबसे पहले थ्री मीट बन ट्राई किया। बाहर से ये साधारण सा लगता था, लेकिन स्वाद ने उन्हें हैरान कर दिया। टॉड ने कहा, 'ये देखने में थोड़ा फीका लगता है, लेकिन एक पेट्रोल स्टेशन के लिए मीट का स्वाद शानदार था।

### बक-ईज़ के 50 स्टोर

बक-ईज सिर्फ पेट्रोल पंप नहीं है, बल्कि एक गजब का अनुभव देने वाली जगह है। यहां टेक्सस बारबेक्यू, घर का बना फज, बीवर नगेट्स, जर्की और ताजा पेस्ट्रीज़ मिलती हैं। अमेरिका में बक-ईज़ के 50 स्टोर हैं, जिनमें से 35 टेक्सस में हैं और ये अपने विशाल और साफ बाथरूम के लिए भी मशहूर हैं। टॉड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की।

## आसान नहीं यहां पहुंचना

# कभी देखा है 'लाल समुद्र तट'? कहलाता है धरती का स्वर्ग



**लंदन।** क्या आपने कभी 'लाल समुद्र तट' देखा है? नहीं? तो चलिए आज आपको बताते हैं एक ऐसी जगह के बारे में, जो किसी सपने जैसी लगती है। यहां की रेत लाल है, पानी चमकता है और चारों तरफ हरियाली की चादर बिछी हुई है। इस जगह को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। हम बात कर रहे हैं इंग्लैंड के साउथ डेवॉन के टोरबे तट पर बसे ब्रॉडसैंड्स बीच की, जो अपनी अनोखी सुंदरता और शांत वातावरण के कारण आज भी 'यूके' का बेस्ट सीक्रेट' कहा जाता है।

ब्रॉडसैंड्स बीच अपनी लंबी और लाल रेत के लिए जाना जाता है, जो दो चट्टानी हेडलैंड्स के बीच फैली हुई है, जिसे 'इंग्लिश रिवेरा' भी कहा जाता है। यह तट 'ब्लू फ्लैग' का दर्जा प्राप्त कर चुका है, जो कि समुद्र तट की सफाई, सुरक्षा और खासियत के लिए दिया जाता है। इतना ही नहीं, इसे 'समुद्र तट पुरस्कार' से भी नवाजा गया है। इस बीच की एक और खास बात है जहां दूसरे मशहूर समुद्र तटों पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती, वहीं ब्रॉडसैंड्स बीच पर आपको भरपूर स्पेस और बहुत सारा सुकून मिल जाएगा।

### भूल जाते हैं हर थकान को

ब्रॉडसैंड्स बीच की एक और खास बात है यहां की लंबी प्रोमेनेड, जिसके किनारे लगी होती हैं रंग-बिरंगी बीच हट्स। इन्हें आप दिनभर के लिए किराए पर ले सकते हैं। इसके अलावा, यह जगह कोस्टल विल्क के लिए भी बेहतरीन है। ऊंची चट्टानों से नीचे उतरने के बाद जब आप इस लाल समुद्र तट पर पहुंचते हैं, तो हर थकान भूल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां आपको सुंदर पक्षी, डॉल्फिन, सील और कई तरह की मछलियां भी देखने को मिल जाएंगी जो आपका मन मोह लेंगी।

### ऊंची-नीची चट्टानों से होकर पड़ता है नीचे उतरना

हालांकि, इस स्वर्ग तक पहुंचना इतना आसान नहीं है। समुद्र तट तक पहुंचने के लिए यात्रियों को ऊंची-नीची चट्टानों से होकर नीचे उतरना पड़ता है। कुछ हिस्सों में हैंडरेल्स जरूर लगे हैं, लेकिन जिन लोगों को चलने में परेशानी होती है, उनके लिए यह रास्ता थोड़ा कठिन हो सकता है। अच्छी बात यह है कि यहां एक बड़ा कार पार्किंग एरिया है, जो सीधा प्रोमेनेड तक ले जाता है। ब्रॉडसैंड्स बीच लंदन से लगभग 220 मील दूर है।

**43 एआईसीसी और 182 पीसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, पहली बैठक 15 को**

# कांग्रेस का गुजरात मॉडल 'संगठन सृजन अभियान' चल निकला तो देशभर में होगा लागू

*कांग्रेस पार्टी ने देशभर में सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने की शुरूआत गुजरात से की है। गुजरात में पार्टी खोये जनाधार और संगठन से गायब होते कार्यकर्ताओं को नए सिरे से गुनने बुनने के लिए 'संगठन सृजन अभियान' के तहत 43 एआईसीसी और 182 पीसीसी पर्यविक्षकों की नियुक्ति कर समूचे सांगठनिक मशीनरी की 'ऑयलिंग' का काम शुरू किया है। गुजरात मॉडल के आधार पर कांग्रेस देशभर में जमीनी कार्यकर्ताओं को ताकत देने के लिए जुटेगी। इस काम में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है।*

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के गुजरात में संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य मूल रूप से जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। गुजरात में कांग्रेस का वोट शेयर पिछले कुछ वर्षों में कम हुआ है, विशेष रूप से आम आदमी पार्टी के उभरने के बाद। इस अभियान का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जिला स्तर पर नेतृत्व को सशक्त करना है।

## छग से भूपेश-डहरिया व हरिप्रसाद शामिल





एआईसीसी पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया और एआईसीसी महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे राजेश तिवारी को उन्हीं बीके हरिप्रसाद के साथ शामिल किया गया है जो पहले छत्तीसगढ के प्रभारी थे।

## कांग्रेस आपके दरवाजे पर अभियान

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस 'कांग्रेस आपके दरवाजे पर' जैसे अभियानों के माध्यम से मतदाताओं से सीधा संपर्क बढ़ाने की योजना बना रही है। साथ ही, राहुल गांधी के नेतृत्व में स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया जाएगा। गुजरात में इन पर्यवेक्षकों की पहली बैठक 15 अप्रैल, निर्धारित की गई है।

**कांग्रेस का मानना- आप ने वोट बैंक में सेंध लगाई:** एआईसीसी नेताओं का मानना है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाई है। गुजरात में पिछले तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, और कांग्रेस को संगठनात्मक स्तर पर भाजपा से पहले ही कड़ी चुनौती मिल रही थी, अब आप भी मुकाबले में खडी है।

## एआईसीसी ने किसको सौंपी क्या भूमिका

प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी में एक एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन पर्यवेक्षकों का मुख्य कार्य जिला स्तर पर संगठन की गतिविधियों की निगरानी करना, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में सहायता करना, और स्थानीय नेतृत्व को एआईसीसी के दिशा-निर्देशों से जोड़ना है। एआईसीसी पर्यवेक्षकों में अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है। जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ, कर्नाटक और अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेता भी हैं।

**पीसीसी पर्यवेक्षकों की भूमिका :** प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी में 4 पीसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो स्थानीय स्तर पर कार्य करेंगे। ये पर्यवेक्षक गुजरात के स्थानीय नेताओं में से चुने गए हैं, ताकि स्थानीय मुद्दों और कार्यकर्ताओं की जरूरतों को उनकी भाषा में बेहतर ढंग से समझा जा सके। इनका कार्य जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना, और एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना है।

**सपोर्टिंग पर्यवेक्षक :** सात अतिरिक्त सपोर्टिंग पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो समग्र अभियान की निगरानी करेंगे और विभिन्न जिलों में समन्वय का काम देखेंगे। ये पर्यवेक्षक संगठन सृजन अभियान को सुचारू रूप से चलाने में सहायता करेंगे।

# पंजाब में 50 बम आए, अभी 32 बम फटने के लिए बचे और घर पहुंच गई पुलिस

### *कांग्रेस नेता बाजवा के बयान से प्रदेश में मच गया तूफान*



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से सियासी तूफान मचा है। उन्होंने एक मीडिया चैनल में दावा किया कि पंजाब में 50 बम आए हैं। इनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी भी बाकी हैं। इसके तुरंत बाद काउंटर इंटेलिजेंस, पंजाब पुलिस की एक टीम विपक्ष के नेता के आवास पर पहुंच गई और उनके पूछताछ की।

**मान ने बाजवा पर बोला हमला- बताएं किसने ये बम भेजे?**

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अगर बाजवा ने बम होने की जानकारी दी है, तो उनका पाकिस्तान से क्या कनेक्शन है कि वहां के आतंकी सीधे उन्हें फोन करके बता रहे हैं कि उन्होंने कितने बम भेजे हैं? यह जानकारी न तो इंटेलिजेंस के पास है और न ही केंद्र को। सरकार की तरफ से आई है, लेकिन अगर उनके पास यह जानकारी आई है, तो उनकी जिम्मेदारी थी कि वह पंजाब पुलिस को बताते कि यहां बम हैं। क्या वह बम फटने और लोगों के मरने का इंतजार कर रहे थे। यहांआतंक फैलाना चाहते हैं।

## सूत्रों का खुलासा नहीं करूंगा: बाजवा



बाजवा ने कहा कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं। मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि मुझे सचेत रहना चाहिए। मैंने पूरा सहयोग किया है और काउंटर इंटेलिजेंस के साथ पूरा सहयोग करूंगा। हमारा काम लोगों को बचाना और पंजाब सरकार की मदद करना है। मैंने एजेंसी को सब बता दिया है। कि मैं अपने सूत्रों का खुलासा नहीं करने जा रहा हूं।








Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Chhattisgarh State. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## चिंतन

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती है। डा. आंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्त्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। आंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। आंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्त्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. आंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. आंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डा. आंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।

## विमर्श

डॉ. घनश्याम बादल



# आंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

आंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। आंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। आंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी आंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। आंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन आंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को आंबेडकर में बदल पाए। आंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर आंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे आंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव आंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। आंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब आंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था। इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब,वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. आंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से आंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक आंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा। अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था। वे मानते थे एक बार आरक्षण की बैसाखी पर चलने की आदत होने पर दलित व पिछड़ा समाज हमेशा के लिए उसका आदी हो जाएगा और उसकी उन्नति की जमीन चालाक वर्ग हथिया लेगा और आज ऐसा ही हो रहा है। इसीलिए उन्होंने आरक्षण की अवधि केवल 15 वर्ष रखी थी लेकिन यह अगले 15 वर्षों में भी पूरे होते नहीं दिखते, खैर इन्हीं सीमाओं आलोचनाओं एवं सराहनाओं के बीच आंबेडकर के प्रति उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आंबेडकर जयंती

पंकज झा

# डॉ. आंबेडकर की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि मिल रही

वास्तव में जिस संविधान के रक्षा की बात कांग्रेस और उसके मित्र समूंह करते हैं, जनजातीय अधिकार की रक्षा के बिना उस रक्षा की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि नया वक्फ कानून बना कर जनजाति समाज के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित कर भाजपा नीत मोदी जी की सरकार ने वास्तव में बाबा साहेब की भावना को ही स्वर दिया है और संविधान को मजबूत किया है। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण 1993 में अनावश्यक संशोधन कर जनजाति और वंचितों के अधिकार पर कुठाराघात, वास्तव में संविधान की हत्या का ही कुप्रयास उसी तरह था। यह कुछ-कुछ वैसा ही था जैसे 1975 में आपातकाल लगा कर कुचेष्टा की गयी थी।

पिछले शनिवार की देर रात तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने कुछ कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ टीवी पर नजर गड़ाए बैठे थे। दिनभर के स्वाभाविक व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्हें यह होते हुए देखने की इच्छा थी जब सदन बहुमत से वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करे। लगभग दो बजे तक जब तक कि मतदान हो नहीं गया, निर्णय देश के पक्ष में जब तक आया नहीं, तब तक श्री साय डटे रहे थे। कार्यकर्ताओं के साथ लगातार चर्चा यह चल रही थी कि वक्फ के जिन प्रावधानों की सबसे कम चर्चा हो रही है, लेकिन जो छत्तीसगढ़ समेत तमाम जनजातीय क्षेत्र के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, वह है इस बिल में जनजाति क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भूमि को वक्फ के नाम से हड़प लेने वालों से सुरक्षा। बिल पारित हुआ और देर रात एक पर एक लगातार किए चार पोस्ट में पहला पोस्ट ही मुख्यमंत्री ने इसी विषय पर करते हुए लिखा- 'वक्फ बिल के दोनों सदनों से पारित होने पर बधाई। यह बिल जनजातीय अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। बिल में यह प्रावधान किया गया है कि 5वीं और 6वीं अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा।इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा। आभार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी।'

वास्तव में जिस संविधान के रक्षा की बात कांग्रेस और उसके मित्र समूंह करते हैं, जनजातीय अधिकार की रक्षा के बिना उस रक्षा की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि नया वक्फ कानून बना कर जनजाति समाज के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित कर भाजपा नीत मोदी जी की सरकार ने वास्तव में बाबा साहेब की भावना को ही स्वर दिया है और संविधान को मजबूत किया है। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण 1993 में अनावश्यक संशोधन कर जनजाति और वंचितों के अधिकार पर कुठाराघात, वास्तव में संविधान की हत्या का ही कुप्रयास उसी तरह था। यह कुछ-कुछ वैसा ही था जैसे 1975 में आपातकाल लगा कर कुचेष्टा की गयी थी। यहां यह स्पष्ट तौर पर कहना चाहिए कि आज हम जिस आज़ादी की हवा में सांस ले रहे हैं, बाबा साहेब के संविधान के तहत एकता और अखंडता का सुख भोग रहे हैं, वह बाबा साहेब का संविधान और हमारी स्वतंत्रता दोनों को आपातकाल के दौरान समाप्त कर दिया गया था। यह कहा जा सकता है कि महात्मा गांधी के युग में जिस आज़ादी को स्वतंत्रता सेनानियों ने प्रातः स्मरणीय बलिदान देकर प्राप्त किया था, जिसे गणतंत्र बनाने में बाबा साहेब प्रभृत्ति मनीषी युगों तक याद किए जाएंगे, वास्तव में यह आजादी दूसरी बार कांग्रेस से लड़ हासिल की गयी आजादी है। यह गैर कांग्रेसी विचारधारा के और राष्ट्रवादी विचारधारा के बलिदानियों, जेपी, अटल-आडवाणी-नानाजी समेत लाखों सेनानियों के त्याग और बलिदान से पायी आजादी है।

ऐसे सेनानियों के योगदान को समादृत करने छत्तीसगढ़ की डा. रमन सिंह जी की सरकार ने आपातकाल सेनानियों के लिए सम्मान निधि देने का निर्णय लिया था। उन्हें तबसे मिल रही पेंशन को पिछली कांग्रेस सरकार ने दुर्भावनावश समाप्त करके अपनी यही भावना प्रकट की थी कि कांग्रेस आज भी आपातकाल वाली मानसिकता में ही जी रही है और संविधान या बाबा साहेब की चर्चा विवशतावश ही उसे करना पड़ रहा है। प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनते



ही न केवल आपातकाल के विरुद्ध युद्धरत रहे प्रदेश के सेनानियों की सम्मान निधि बहाल की गयी, उनका बकाया सारा भुगतान किया गया बल्कि विष्णुदेव साय जी की सरकार ने बकायदा कानून बना कर यह सुनिश्चित किया है कि अब भविष्य में कभी भी यह सम्मान निधि बंद नहीं की जा सकेगी चाहे परिस्थितियां कैसी भी हो। यह भी संविधान निर्माता बाबा साहेब के प्रति एक श्रद्धांजलि ही समझा जाना चाहिए।

हममें से अधिकांश लोग शायद इस तथ्य को नहीं जानते होंगे कि मध्यप्रदेश-बिहार के आदिवासी अंचल के विकास के लिए सबसे पहले बाबा साहेब ने ही दोनों राज्य के विभाजन की बात कही थी। वे चाहते थे कि इन दोनों राज्यों का विभाजन कर छोटे राज्य बनाए जाए। जब भारत रत्न अटलजी ने आदिवासी बहुलता के कारण छत्तीसगढ़-झारखंड राज्य का गठन किया तो वह इस दृष्टि से बाबा साहेब की भावना का समादर और संविधान की दृढ़ता के लिए उठाया गया कदम ही समझा जाना चाहिए। आज जरूरतमंदों और वंचित समाजों के आरक्षण समेत अन्य प्रावधानों से जनजाति और पिछड़ों को आगे लाना का काम जो हो रहा है, निश्चय ही उसके द्रष्टा बाबा साहेब ही हैं। यह उन्हीं के कारण संभव हुआ जिसे आज देश-प्रदेश की सरकारें आगे बढ़ा रही हैं।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि अखंड भारत का स्वप्न भी बाबा साहेब का था। उन्होंने भारत विभाजन का भी विरोध किया था। बकौल भीमराव- 'जब तक सामाजिक समरसता का भाव पूर्णतः राष्ट्र में उत्पन्न नहीं होगा तब तक राष्ट्रवाद की स्थापना नहीं हो पाएगी।' आज अपने अनेक ऐतिहासिक फ़ैसलों से समरस समाज बनाने की जो सफल कोशिश पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रही है, निस्संदेह उससे राष्ट्रवाद मज़बूत होगा, ऐसा हो भी रहा है। बाबा साहब ने कहा था- 'मुझमें और सावरकर में इस प्रश्न पर न केवल सहमति है, बल्कि सहयोग भी है कि हिंदू समाज को एकजुट और संगठित किया जाये, और हिंदुओं को अन्य मजहबों के आक्रमणों से आत्मरक्षा के लिए तैयार किया जाए।'


बाबा साहेब न केवल अखंड राष्ट्र के पक्षधार थे बल्कि वे अनुच्छेद 370 को भी राष्ट्रीय एकता में बाधक मानते थे। समान नागरिक संहिता समेत उनके तमाम विचारों पर भाजपा आज शब्दशः अमल करने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि उनका मतांतरण भी आज की तरह राष्ट्रांतरण जैसा नहीं था, ऐसा उन्होंने स्वयं भी कहा है। उन्होंने कहा था 'बौद्धमत भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मैंने सावधानी बरती है कि मेरे पंथ-परिवर्तन से इस देश की संस्कृति और इतिहास को कोई हानि न पहुंचे।'

पीएममोदी ने हमेशा बाबा साहेब की स्मृतियों के प्रति अतिरिक्त और अगाध आदर दिखाया है। बात चाहे भीमराव आंबेडकर के दिल्ली स्थित घर अलीपुर रोड में राष्ट्रीय स्मारक स्थापित कराने की हो या उनसे जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित करने की, आज बाबा साहेब अनेक जबरन बनायी गयी छवियों, पैदा किए गए बनावटी नेताओं, गढ़े गए झूठे नैरेटिव्स के विरुद्ध नए सिरे से प्रासंगिक हैं।

आज भारत रत्न आंबेडकर की स्मृति को वैसा समादृत करने की सतत कोशिश हो रही है जैसा होना वे डिजर्व करते थे, जैसा उन्हें नहीं होने दिया गया था। उनके जीवित रहते उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर करने, चुनाव हराने से लेकर, उनके परिनिर्वाण के बाद उनकी स्मृति को कमतर दिखाने की सारी कोशिशें कर हर हाल में केवल परिवार विशेष का महिमामंडन करते रहने वाले समूंह अगर आज विवशता में बाबा साहेब का जिक्र कर भी रहे हैं, तो उनकी विवशता समझी जा सकती है। संविधान में दर्जनों अनाप-शनाप संशोधन करने वाले, दर्जनों बार चुनी हुई सरकारों को अकारण बर्खास्त कर संविधान को समाप्त करने वाले, आपातकाल लगा कर संविधान की हत्या करने वाले समूंह भी अगर आज संविधान को सीने से लगाए फिरने का पाखंड कर रहे हैं तोयह भी समझा जा सकता है कि बाबा साहेब के विचार आज भी कितने प्रासंगिक हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति पर निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। लगभग यही हाल प्राइवेट अस्पतालों का भी है। – *मदन सैनी, बालोद*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को नमन

जलियांवाला बाग नरसंहार भारत के स्वतंत्रता संग्राम का वह काला अध्याय है, जिसने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया। जलियांवाला बाग में शहीद हुए बलिदानियों को नमन करता हूँ। देश अमर बलिदानियों को सदा अपनी स्मृतियों में संजोए रखेगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### हिंदुओं का पलायन

मुर्शिदाबाद में जो कुछ हो रहा है, वह पश्चिम बंगाल सरकार की तुष्टीकरण की खतरनाक राजनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसके कारण हिंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति कर्नाटक में भी पैदा हो सकती है।

-पी.सी. मोहन, भाजपा सांसद



### प्रार्थना के लिए शुक्रिया

सिंगापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद मेरे बेटे शंकर की हालत स्थिर है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। संकट की इस घड़ी में प्रार्थना और समर्थन के लिये सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया।

- पवन कल्याण, डिप्टी सीएम, आंध्र प्रदेश



### मंच का राजनीतिकरण

मैं खिलाड़ियों के साथ थी, हूँ और रहूँगी इसी तरह मैं पार्टी के साथ भी हूँ और आगे भी रहूंगी लेकिन जब किसी भी खिलाड़ियों के मंच का राजनीतिकरण होगा तो मैं वहाँ पर नहीं रहूँगी।

-बबीता फोगाट, भारतीय पहलवान



## करंट अफेयर

# मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा : तालिबान नेता



अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गये चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गयी और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया जिसमें अखुंदजादा ने कहा, हमें अनुशासनात्मक उपाय, प्रार्थनाएं और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है, यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में हज प्रशिक्षकों की संगोष्ठी में 45 मिनट के भाषण के दौरान अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

## ऑफ बीट

# प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर छिड़ी बहस



प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर गरमागरम बहस होती है। समर्थक जलवायु और पशु कल्याण के लिहाज से इसे लाभदायक मानते हैं। वहीं, विरोधियों को फ्रेंकस्टीन भोजन (जीन संशोधित तकनीक से तैयार भोजन) की चिंता है जिसे वे जोखिम भरा और अप्राकृतिक मानते हैं। आपकी राय चाहे जो भी हो, मांसपेशियों के ऊतकों के बड़े टुकड़े बनाने की यह प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है। तथ्य यह है कि कृत्रिम मांस एक जीवित ऊतक के रूप में शुरू होता है, इसका मतलब यह है कि जैसे-जैसे यह बड़ा और बेहतर होता जाएगा, इसमें शामिल प्रौद्योगिकियों का चिकित्सा अनुसंधान पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। प्रयोगशाला में तैयार मांस एक तरह का 'इंजीनियर्ड' ऊतक है। इसका उद्देश्य मांसपेशियों को बनाने के लिए जानवरों से उसकी कोशिकाओं की एक छोटी संख्या को अलग करना और उस कोशिका को जानवर के शरीर में विकसित होने की नकल करना है। मांस ज्यादातर मांसपेशियों की कोशिकाओं (मायोसाइट्स) से बना होता है, साथ ही वसा कोशिकाओं (एडिपोसाइट्स) और कोशिकाओं का मिश्रण होता है जो कोलेजन (फाइब्रोब्लास्ट के रूप में जाना जाता है) जैसी सामग्रियों के माध्यम से संरचना जोड़ते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

*डीआरडीओ ने आज आंध्र प्रदेश के कुरनूल में फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को मार गिराने की क्षमता रखने वाले 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया। इस तकनीक की सिर्फ एक लाइट ही दुश्मनों की मिसाइल और ड्रोन को नष्ट करने के लिए काफी है। इस तकनीक के सफल परीक्षण के बाद देश भारत अमेरिका, चीन और रूस सहित उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जो इस तकनीक का उपयोग करते हैं। इस महाअस्त्र से देश की ताकत और ज्यादा बढ़ेगी।*

## हवा में ही ताबूत बन जाएंगे जहाज और मिसाइलें

# एक सीधी लाइट और दुश्मन खल्लास, भारत ने दिखाया 'महाअस्त्र'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामत ने कई बातें कहीं हैं। भारत ने 30 किलोवाट के लेजर हथियार से हवाई जहाज, मिसाइल और ड्रोन को नष्ट करने की ताकत दिखाई है। यह देश की रक्षा तकनीक में एक बड़ा कदम है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने इस हथियार को बनाया है, जो अब सेना में इस्तेमाल के लिए तैयार है।

**लेजर हथियार की ताकत :** डीआरडीओ ने 30 किलोवाट का लेजर हथियार बनाया है, जो 5 किलोमीटर की दूरी तक ड्रोन, हेलीकॉप्टर और मिसाइल जैसे हवाई खतरों को नष्ट कर सकता है। यह हथियार इलेक्ट्रॉनिक वॉर में भी माहिर है। दुश्मन के कम्युनिकेशन और सैटेलाइट सिग्नल को जाम कर सकता है। इसे जमीन और जहाज दोनों पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### भारत की बड़ी उपलब्धि

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने कहा, "यह तो बस शुरुआत है। हमारी लैब ने दूसरी लैब, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर यह सफलता पाई है। हम जल्द ही अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। हम हाई-एनर्जी माइक्रोवेव और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स जैसे दूसरे हथियारों पर भी काम कर रहे हैं। ये हमें स्टार वॉर्स जैसी ताकत देंगे।



### हथियार की खासियतें

यह लेजर हथियार 360 डिग्री सेंसर से लैस है, जो सटीक निशाना लगाता है। इसे हवाई जहाज, ट्रेन, सड़क या समुद्र के रास्ते जल्दी तैनात किया जा सकता है। यह जमीन और समुद्र दोनों पर भारत की रक्षा को और मजबूत करेगा। इसका डिजाइन इतना लचीला है कि इसे अलग-अलग सैन्य जरूरतों के लिए ढाला जा सकता है।

### अब बनेगा 300 किलोवाट का सूर्या लेजर

डीआरडीओ सिर्फ 30 किलोवाट के हथियार तक सीमित नहीं है। यह 300 किलोवाट का 'सूर्या' लेजर हथियार भी बना रहा है, जो 20 किलोमीटर की दूरी तक तेज गति की मिसाइलों और ड्रोन को नष्ट कर सकता है। यह हथियार भारत को आधुनिक युद्ध में और ताकत देगा। ये प्रयास दुनिया में मिसाइल रक्षा और ड्रोन-रोधी तकनीकों के रुझान के साथ हैं।

### लेजर हथियार मील का एक पत्थर : डॉ. कामत

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने कहा, भारत का यह नया लेजर हथियार रक्षा तकनीक में एक मील का पत्थर है। यह न सिर्फ देश को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि दुनिया में भारत की ताकत को भी दिखाएगा। डीआरडीओ की मेहनत से भारत अब उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो इस तरह की उन्नत तकनीक रखते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथा या पांचवां देश है, जिसने इस तरह की ताकत दिखाई है।

## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर मंजीत का गुर्गा हथियारों सहित गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंजीत महल गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करके उसके पास से हथियारों का जखीरा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि दरियापुर खुर्द गांव निवासी दिनेश उर्फ मोगली को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनेश 2015 में प्रतिद्वंद्वी नवीन खाती गिरोह के चार सदस्यों की हत्या में संलिप्त था।

### अमेरिका में विमान कीचड़ वाले मैदान में गिरा

**कोपेक।** न्यूयॉर्क में शनिवार को छह लोगों को ले जा रहा दो इंजान वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ भरे मैदान में गिर गया। अंडरशेरिफ जैकलीन साल्वेटोर के अनुसार, कोलंबिया काउंटी शेरिफ कार्यालय को दोपहर के समय दुर्घटना की सूचना मिली। जैकलीन ने इसे एक घातक दुर्घटना करार दिया हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस हादसे में किसी की मौत हुई है या नहीं। दुर्घटनास्थल तक पहुंचना बेहद कठिन है क्योंकि खराब मौसम के कारण वहां कीचड़ और बर्फ जमी हुई है।

### नाइजीरिया में बम विस्फोट से आठ की मौत

**मैदुगुरी (बोर्नो)।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर हिस्से में कथित तौर पर इस्लामी चरमपंथियों द्वारा लगाए गए बम की चपेट में एक बस के आ जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। बोर्नो राज्य पुलिस के प्रवक्ता नाहुम दासो ने एक बयान में कहा कि शनिवार को अशांत बोर्नो राज्य में डम्बोआ-मैदुगुरी राजमार्ग पर बस में छिपाकर रखे गये बम की चपेट में आ गई। नाइजीरिया में बोको हराम समूह के इस्लामी चरमपंथी इस्लामी कानून का कट्टरपंथी संस्करण लागू करने के लिए 2009 से संघर्ष कर रहे हैं।

### तालाब में नहाते दो बच्चों की डूबने से मौत



**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के कर्मा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित तालाब में नहाते समय डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बंदरदेवा गांव निवासी महेन्द्र का सात वर्षीय पुत्र शुभम बैगा और दिनेश का पुत्र शंभू बैगा शनिवार शाम को घर से निकले थे लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे तो परेशान परिजनों ने उनकी खोज शुरू की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला।

### अगवा की गई पांच साल की बच्ची की हत्या

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पांच साल की बच्ची का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अशोक नगर पुलिस थाना क्षेत्र में यह घटना हुई। बच्ची का शव एक खाली पड़ी इमारत में मिला। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि बच्ची का यौन उत्पीड़न किया गया है, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने कहा कि बच्ची की मेडिकल जांच कराई जा रही है। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया।

## आतंकियों के बरामद सामान पर पाकिस्तान का पता

# मारे गए आतंकियों से मिले पाक के हथियार व दवाइयां, लंबे समय तक की थी प्लानिंग

एजेंसी ▶▶| जम्मू

शनिवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों से बहुत सारे हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने आतंकियों के पास से जरूरी दवाईयां, छोटी-मोटी सर्जरी करने के उपकरण, पेन किलर सहित अन्य दवाइयां बरामद कीं जिन पर पाकिस्तान की कंपनियों के नाम हैं। आतंकियों की उक्त तैयारी देखकर सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गईं हैं। प्राप्त हथियारों से अनुमान लगाया जाता है कि आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए तैयार थे। सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में खोज अभियान को और तेज कर दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 9 अप्रैल से मुठभेड़ चल रही थी। सुरक्षा बलों ने तीन दिन तक चली मुठभेड़ के बाद 11 अप्रैल की देर रात तक 5 आतंकियों को मार गिराया था। जिसके बाद से जारी सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को ये सब सामान बरामद हुआ।

### सुरक्षा एजेंसियां चौकन्ना



### दवाइयों पर पाक का नाम, हथियार भी मिले

सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर एक एम4 राइफल, दो एके-47 राइफलें, ग्यारह मैगजीन, एम4 की 65 और एके-47 की 56 गोली बरामद की हैं। साथ ही, मौके से टोपी, दवाइयां, प्राथमिक उपचार किट, जिसमें छोटी-मोटी सर्जरी करने का सामान, दास्ताने, मोजे मिले हैं, जिससे लगता है कि आतंकी लंबे समय तक छिपकर कार्य करने की योजना बना रहे थे। दवाओं पर पाकिस्तान और लाहौर का पता लिखा है।

### 20 दिन के भीतर कई आतंकी ढेर

बीते 20 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों तीन मुठभेड़ हुई हैं। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। 28 मार्च दूसरी बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 2 आतंकी मारे गए थे। 31 मार्च की रात कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास तीसरी मुठभेड़ हुई। 4 और 5 अप्रैल को जम्मू में एलओसी पर जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। 1 अप्रैल को एलओसी पर एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों मारे गए थे।

### सेना ने शहीद जेसीओ को दी श्रद्धांजलि

शहीद हुए जवान जेसीओ कुलदीप चंद को व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने श्रद्धांजलि दी। कोर ने लिखा, 'जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी सैनिक सूबेदार कुलदीप चंद की सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। वे आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।' कुलदीप चंद 9 पंजाब रेजिमेंट के सिपाही थे। वे जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर के पद पर तैनात थे।

### एक अप्रैल को तीन माइन ब्लास्ट हुए

इससे पूर्व 1 अप्रैल को एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग हुई थी। इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए थे। सेना ने कहा- हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जबाव दिया।


## नेशनल हेराल्ड को ईडी नोटिस का मामला

# सरकार कांग्रेस की संपत्ति हड़पकर पंगु बनाना चाहती है

### सिब्बल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला

एजेंसी ▶▶| जम्मू

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नेशनल हेराल्ड को ईडी का नोटिस मिलने पर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों की मदद से कांग्रेस को पंगु बनाने का आरोप लगाया, साथ ही नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को कब्जे में लेने के ईडी के नोटिस को लोकतंत्र पर हमला बताया। सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा वे (भाजपा) हिंदू-मुस्लिम एजेंडे पर अपनी राजनीति करना चाहते हैं और विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं।' सिब्बल ने नोटिस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 'कब्जे के नोटिस का उद्देश्य अखबार की संपत्तियों को अपने कब्जे में लेना है, जिनमें कांग्रेस के कार्यालय चल रहे हैं, ताकि पार्टी को पंगु बनाया जा सके।'



### 'कांग्रेस को पंगु बनाने की तैयारी'

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस द्वारा नियंत्रित नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। नोटिस में इन संपत्तियों को खाली करने की बात कही गई है।

### 'विपक्ष को नष्ट करना चाहती है ये सरकार'

सिब्बल ने कहा कि 'आपने 13 साल तक इंतजार क्यों किया? क्योंकि आप संपत्ति हड़पना चाहते हैं। आप कांग्रेस पार्टी को पंगु बनाना चाहते हैं, सभी संपत्तियों पर कब्जा करना चाहते हैं ताकि वे काम न कर सकें। जहां तक मुझे पता है, कांग्रेस के पास इतना पैसा नहीं है, इसलिए वह एक राजनीतिक पार्टी के रूप में काम नहीं कर पाएगी। यह लोकतंत्र पर हमला है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जो इस सरकार की मानसिकता को दर्शाती है।'

## रूस का यूक्रेन पर फिर हमला

# 31 की मौत, सड़क पर बिखरे शव, 80 से ज्यादा घायल




एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस ने यूक्रेन के शहर सूमी पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई है और 80 से ज्यादा घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो 'एक्स' पर साझा किया है, जिसमें शव सड़क पर बिखरे पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब हाल ही में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने युद्धविराम पर चर्चा के लिए रूस का दौरा किया था।

### जेलेंस्की बोले- दुनिया चुप या उदासीन न रहे

जेलेंस्की ने कहा, 'रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में सुमी में 31 लोगों के मारे जाने की जानकारी है। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। 84 से ज्यादा घायल हुए हैं, जिनमें 10 बच्चे शामिल हैं। यह जरूरी है कि दुनिया चुप या उदासीन न रहे। रूसी हमलों की निंदा के अलावा कुछ नहीं होना चाहिए। युद्ध को समाप्त करने और लोगों की सुरक्षा की गारंटी देने के लिए रूस पर दबाव होना चाहिए।'

### भारतीय दवा कंपनी के गोदाम पर बमबारी

एक दिन पहले यूक्रेन ने दावा किया था कि रूसी मिसाइलों ने कीव में भारतीय दवा कंपनी के गोदाम पर हमला किया था। भारत स्थित यूक्रेनी दूतावास ने कहा था, 'यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम के गोदाम पर रूसी मिसाइल ने हमला किया। भारत के साथ 'विशेष मित्रता' का दावा करने वाला रूस जानबूझकर भारतीय व्यवसायों को निशाना बना रहा है और बच्चों और बुजुर्गों के लिए बनाई गई दवाओं को नष्ट कर रहा है।'

### जेलेंस्की ने जारी किया वीडियो

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 2 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी की थी।

## भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए झटके

# म्यांमार से हिमाचल तक लगे भूकंप के झटके; मंडी में 3.4 रही तीव्रता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



म्यांमार अभी 28 मार्च को आई तबाही से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार 13 अप्रैल को फिर वहां भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रविवार सुबह मध्य म्यांमार के शहर मीकटिला में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। राहत की बात यह है कि इस बार कोई जनहानि नहीं हुई। भूकंप के झटके भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं।

**28 मार्च को 7.7 तीव्रता का भूकंप :** म्यांमार के इसी क्षेत्र में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। म्यांमार इस तबाही से अभी उबर भी नहीं पाया है। राहत कार्य जारी है। इस बीच ताजा भूकंप ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

**मंडी में 3.4 रेक्टर तीव्रता का झटका :** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह 9 बजे हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भूकंप आया। यहां 5 किलोमीटर की उथली गहराई पर 3.4 रेक्टर तीव्रता का झटका दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र 31.49 डिग्री उत्तर, 76.94 डिग्री पूर्व में स्थित था।

### मंडाले दूसरा सबसे बड़ा शहर

हाल ही में आए भूकंप का केंद्र रहा मंडाले म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर, जो पिछले महीने बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राजधानी नेपीताव में भी पिछले भूकंप के दौरान कई सरकारी कार्यालय प्रभावित हुए हैं।

### 3,649 लोगों की मौत

सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन के मुताबिक, मार्च में आए भूकंप से अब तक 3,649 लोगों की जान जा चुकी है। 5,000 से अधिक लोग घायल हैं। इसके बाद से म्यांमार में भूकंप के सैकड़ों झटके आए, लेकिन यह सबसे शक्तिशाली झटका था। शुक्र है कि अभी ज्यादा क्षति और हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

### नाबालिग लड़की से रेप और हत्या के आरोपी गैंगस्टर ने जेल में लगाई फांसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के कल्याण में नाबालिग लड़की से रेप और हत्या के आरोपी विशाल गवली ने तलोजा सेंट्रल जेल के टायलेट में सुबह करीब 4-5 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी के शव को जे.जे अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गैंगस्टर विशाल गवली करीब साढ़े तीन महीने से जेल में बंद था। इस घटना से तलोजा जेल में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एक रिटायर्ड जज इस मामले की जांच करेंगे।

# जूतों से निकला 6.3 करोड़ का सोना बैंकॉक से लाया, एक गलती से पकड़ाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राजस्व खुफिया निदेशालय ने जूतों में सोना छुपाकर तस्करी करने का खुलासा किया है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक यात्री से करीब 6.3 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। सोने के बर्स बैंकॉक से जूते में छिपाकर लाए गए थे। इस मामले में तस्करी सिंडिकेट से जुड़े संभावित खरीदार को भी



गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई अधिकारी ने बताया कि इस मामले में एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है, जबकि सोने का खरीदार भी पकड़ लिया गया है।

### इंटरनेशनल स्मगलिंग रैकेट का सदस्य

डीआरआई के अधिकारियों ने एक यात्री को इंटरसेप्ट किया। यह यात्री बैंकॉक से मुंबई आया था। उसकी तलाशी ली गई तो उसके जूते में छिपाकर रखे गए 6.7 किलोग्राम सोने के बर्स मिले, जिनकी कीमत करीब 6.3 करोड़ रुपये आंकी गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि वह इंटरनेशनल गोल्ड स्मगलिंग रैकेट से जुड़ा है।

## देश की सर्वोच्च अदालत ने एक गोदनामे के मामले को खारिज करते हुए बड़ी टिप्पणी की

# बेटियों को संपत्ति से वंचित करने की साजिश', गोदनामे पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के एक संपत्ति विवाद में एक पुराने गोदनामे को खारिज कर दिया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह गोदनामा जानबूझकर बनाया गया था ताकि बेटियों को उनके पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी से वंचित किया जा सके। यह मामला भुनेश्वर सिंह नाम के व्यक्ति की संपत्ति से जुड़ा है, जिनकी दो बेटियां – शिव कुमारी देवी और हरमुनिया हैं। एक व्यक्ति अशोक कुमार ने दावा किया कि उन्हें भुनेश्वर सिंह ने 1967 में गोद लिया था और इस आधार पर वह उनकी संपत्ति में अधिकार रखते हैं। उन्होंने गोदनामा और एक फोटो अदालत में पेश किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट और पहले राजस्व बोर्ड ने जो फैसला दिया था, वह पूरी तरह से विधिसंगत है।

### पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट अब सुप्रीम कोर्ट से झटका

इलाहाबाद हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट ने इस गोदनामे को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि, 'हमने पूरी सुनवाई और दस्तावेजों को ध्यान से देखा और यह साफ है कि यह गोदनामा सिर्फ बेटियों को उनके हक से वंचित करने के लिए तैयार किया गया था।'

### गोदनामे के लिए पत्नी की सहमति जरूरी

गोद लेने की प्रक्रिया में पत्नी की सहमति अनिवार्य होती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। गोद लेने की तारीख थी 9 अगस्त 1967, लेकिन गोदनामे में पत्नी की न तो सहमति थी, न ही हस्ताक्षर, और न ही वह गोद लेने की रस्म में शामिल थीं। हाईकोर्ट ने भी माना कि गोद लेने की प्रक्रिया में जरूरी कानूनी नियमों का पालन नहीं हुआ। अदालत ने यह भी कहा- एक गवाह ने भी गोद लेने की रस्म की तस्वीरों में मां को पहचानने से इनकार किया। इससे साफ होता है कि गोदनामे में पत्नी की सहमति नहीं थी।

### 40 साल की देरी पर खेद

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी माना कि इस मामले में गोदनामे की वैधता तय करने में 40 साल से अधिक की देरी हुई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अदालत ने इसके लिए माफी मांगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा- हम जानते हैं कि ग्रामीण इलाकों में बेटियों को संपत्ति से बाहर करने के लिए इस तरह की गोद लेने की चालें चलती हैं। यह एक आम तरीका है बेटियों को उनका हक न देने का।

# जहर खाने से किसान दंपती की मौत, तीन बच्चे गंभीर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

- **किसान परिवार ने उठाया खौफनाक कदम, जांच में जुटी पुलिस**

गुजरात के साबरकांठा जिले में सपरिवार आत्महत्या का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किसान और उसकी पत्नी ने तीन किशोर बच्चों के साथ कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि तीनों बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने बताया कि वडाली कस्बे में हुई इस घटना के पीछे का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। वडाली पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। वडाली पुलिस थाने के उपनिरीक्षक रविराज जोशी ने बताया कि शनिवार सुबह दंपति, उनके दो बेटों और एक बेटी को उल्टी होने लगी।

### मानसिक व आर्थिक रूप से था परेशान

अधिकारी ने कहा कि वह व्यक्ति किसान था। परिवार ने यह कदम क्यों उठाया? इसका सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। कहा जा रहा है कि मृतक परिवार आर्थिक रूप से परेशान था। मृतकों की पहचान विनू सागर (42) और उनकी पत्नी कोकिलाबेन (40) के रूप में हुई है।

# बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' ने दिखाई ताकत...


*सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की 'जाट', अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई।*

**मुंबई।** सनी देओल की 'जाट'ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।



# 'गरम हवा' में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

**नई दिल्ली।** 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' और 'गरम हवा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।



## पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार


बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

## बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म 'बाजी' लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' (1970) और 'सतलुज दे कंडे' में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने 'ऐ मेरी जोहरा जबीं' के लिए याद करती है। ये गाना 'वक्त' (1965) फिल्म का है।

## सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली पहचान

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने 'इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म 'इंसाफ' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म 'धरती के लाल' और 'दूर चलें' में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में 'काबुलीवाला' और 'वक्त' है।



## इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म 'गरम हवा' में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

## शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।

# 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर' जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह सिख दूल्हा बने हैं। अब तक फिल्म के कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इससे पहले ईद और राम नवमी के मौके पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर बैसाखी के मौके पर रिलीज किया गया। नए पोस्टर में कपिल शर्मा एक सरदार बने हैं। उन्होंने हल्की गुलाबी रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी हुई है। उन्होंने गले में माला पहनी हुई है।




# 14 साल छोटी गर्लफ्रेंड के साथ आए नजर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा में हैं। अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने ऐलान किया था कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते में हैं। इसके बाद वह कई बार अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ कई जगहों पर स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में गौरी स्प्रैट आमिर खान के साथ चीन में एक प्रोग्राम में नजर आईं। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में हाथ में हाथ डाले नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पर यूजर रिएक्शन दे रहे हैं। वायरल वीडियो पर कई यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने आमिर और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है 'आमिर खान हमें आपसे प्यार है।'



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, 'मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।'



## दुनिया से छुपाया बीमारी

*उन्होंने बताया, 'मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' में 'अनारकली' जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी। दिलीप कुमार के साथ हुए झगड़े से उनका स्वास्थ्य और दिल टूटना उन पर भारी पड़ने लगा।'*

## अंत में ऐसी हो गई थी मधुबाला की हालत

मधुर ने कहा, 'चूंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी, इसलिए अब्बा ने कहा कि अभी शादी मत करो, देखो डॉक्टर क्या कहता है। लेकिन 1960 में उनकी शादी हो गई। किशोर भैया उन्हें करीब 10 दिन बाद लंदन ले गए। डॉक्टरों ने कहा, 'उसका दिल खत्म हो गया है और वह दो साल से ज़्यादा नहीं जी पाएगी। जिस दिन उनकी तबीयत बिगड़ने लगी... उन्हें बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हो रही थी। अब्बा ने किशोर कुमार को बुलाया। वे एक शो के लिए जा रहे थे। अब्बा ने कहा, 'जाना कैंसल कर दो, किशोर! वह ज्यादा दिन नहीं टिकेगी।' वे आए। वह सिंक कर रही थी, बेहोश थी, आंखें बंद थीं।'

# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे।

एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।' एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं। सीजन 15 के लिए और भी कई नाम सामने आए हैं। इन नामों में बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह और चुम दरांग का भी नाम शामिल है।



# पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरुआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो। राही और प्रेम को बात समझ आएगी और दोनों कोठारी मेंशन वापस चले जाएंगे। वसुंधरा, अनिल और बाकी सभी लोग बहुत खुश होंगे लेकिन आर्यन और गौतम का चेहरा उतर जाएगा।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

**सेल्सएक्जीकेटिव/ड्रायवर**

आवश्यकता है- मोहबाबाजार और सुंदर नगर स्थित इंटीरियर प्रोडक्ट की शॉप देसी इंटीरियर हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव, ड्राइवर, सफाईकर्मी और कारपेंटर की आवश्यकता है। सैलरी प्लस इंसेंटिव योग्यतानुसार। संपर्क करें 8815042225, 8103374120.पर (RO-7087)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लडको की जरूरत है पता किरण सेल्स माता गरेज के पीछे कांच घर के पास mo 9425219482. (RO-OM)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9111191909, 9300188811 (RO-593)

आवश्यकता है- बैंगल शॉप ( चूड़ी दुकान ) में काम करने के लिए लड़के एवं कॉस्मेटिक और ज्वेलरी शॉप में लड़की की आवश्यकता है संपर्क :- निखार "ए" मार्केट सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग मो.- 9826186026 (RO-Bhilai)

**हेल्पर/वेटर**

आवश्यकता है- जय स्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु किचन हेल्पर, वेटर एवं ड्राइवर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन दोपहर 12 से शाम 5 के मध्य संपर्क करें- गिरनार रेस्टोरेंट, जय स्तंभ चौक, रायपुर मोबाइलर- 8640062523. (RO-1640)

**मुंशी/एकाउंटेंट**

आवश्यकता है- कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी 2 पद, एकाउंटेंट 1 पद की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर मो. नं. 9009491669. (RO-7094)

**लेबर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में लेबर + मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 11000/- समय 9 से 8:30 बजे तक मोबाइल नंबर 9826182338 पता- ब्राह्मण पारा रायपुर (RO-A)

**असिस्टेंट/काउंसलर**

आवश्यकता है- नर्सिंग कॉलेज में ऑफिस असिस्टेंट कम काउंसलर चाहिए एवं आया बाई -2 की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-om)

**ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907.(आरो नं.-721)

**ड्राईवर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ड्राईवर, माल छोड़ने के लिए लड़के, एवं कंप्यूटर ऑपरेटर लेडीस या लडकी और पैकिंग कार्य के लिए महिलाओं की आवश्यकता है, रहने की सुविधा रावणभाटा राधास्वामी नगर रायपुर Mob . 9893115061. (RO-om)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर लड़का या लड़की एवं लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. (RO-592)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-7092)

**शिक्षक/ शिक्षिका**

आवश्यकता है- संस्कार वैली एकेडमी अंग्रेजी माध्यम अंग्रेजी, गणित व अन्य विषयों के अध्यापन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। वेतन योग्यता व अनुभव अनुसार संपर्क- वार्ड नंबर 9 बंजारी नगर रावाभाटा बिरगांव रायपुर मोबाइल नंबर 6263093809, 8435328450 (RO-7091)

**स्टेशनरी कार्य**

आवश्यकता है- बुक डिपो व स्टेशनरी में कार्य करने हेतु ग्रेजुवेट लड़को/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता । वेतन योग्यतानुसार। संपर्क :- रामचंद बुक स्टाल,राज टाकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर (RO-456)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- AMRUTHA HOSPITAL रिसाली, भिलाई में ड्यूटी डॉक्टर BAMS वेतन -12000 से 20000/- (योग्यतानुसार) ,Bsc nursing वेतन 8000-15000/-, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं Gnm/Anm एवं ट्रेनी की आवश्यकता है। संपर्क- 9407941063. (आरो नं.-725)

**काउंटर/ड्राइक्लीन**

आवश्यकता है- अमृत साड़ी पॉलिश सेन्टर पंडरी रायपुर प्रेस, धुलाई, काउंटर स्टाफ और ड्राइक्लीन से संबंधित कार्य के लिए लड़कों और कारीगर की जरूरत है 8103688822, 7999136268 (RO-4948)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मार्केटिंग एक्जीकेटिव**

Celesty ICE CREAM
PURE MILK PURE ICE CREAM
REQUIRED
Distributor & Marketing Executive.
Area - All Districts & Town (CG)
info.celesty@yahoo.com
9109124267

**अकाउन्ट/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- महिला कंप्यूटर, Telly account, हिंदी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, PA, आफिस वर्क, चाय+सफाई! पुरुष : मेडिकल मशीन /ऑर्थो orthopedic समान मार्केटिंग & सर्विस, समान लाने लेजाने हेतु पुरुष, गार्ड (रात + डॉग के लिए), Car Driver, 14000 - 25000, *भारत मेडिकल सिस्टम*, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 7879177222 *PINAKA मेडिकल*, Sec 11, कमल विहार, Raipur 9326609234 ((RO-37396)

**पोल्ट्री फार्म कार्य**

आवश्यकता है- पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने हेतु रहने की सुविधा उपलब्ध। मैनेजर - कंप्यूटर ज्ञान, 15000/- 25000/-, 3 वर्ष लेयर फ़ार्म अनुभव, सुपरवाइज़र-बेसिक कंप्यूटर 12000/- से 15000/- लेबर - 7500/- - 12000/- जयश्री पोल्ट्री फ़ार्म, लभाडिह, NH-53 के पास, होटल कोर्टयार्ड के पास, रायपुर, मोबाइल- 9826147575 (RO-482)

**अन्य**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418. (RO-801)

हरिभूमि

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-781)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238. (RO-749)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक ) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9289384524.(RO-800)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - TNC अप्रूव्ड कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु, ब्रह्मलोक आश्रम के सामने, कुम्हारी,परसदा में अब रेजिडेंशियल प्लॉट रेट में उपलब्ध ।ऑफर सीमित समय तक, 90% बैंक फाइनेंस के साथ। 9990440140, 9991118972. (RO-OM)

प्लॉट उपलब्ध है- नई राजधानी का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन – केंद्री, रायपुर के पास सेमी-कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध। संपर्क करें: 9990440140, 9991118972. (RO-OM)

**मकान**

मकान बेचना है- प्राइम लोकेशन दो मंजिला मकान आवास और गोदाम हेतु उपयुक्त रायपुर बिलासपुर मेंन रोड से सटे 50 मीटर अंदर संई सुतार भवन के पास रमन मंदिर वार्ड फाफाडीह में दो मंजिला मकान (4 BHK) 1250 वर्ग फुट बिल्ड अप एरिया बिक्री हेतु उपलब्ध है। संपर्क - 8602012979 (RO-7096)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बिक्री(सुसिज्जत ऑफिस)**

बेचना है- एज कमर्शियल कॉम्प्लेक्स (एज बिल्डिंग) विधानसभा रोड, मोवा ,रायपुर में स्थित सुसज्जित ऑफिस ( 386 वर्गफीट) बेचना है। खरीददार संपर्क करें कृपया ब्रोकर संपर्क न करें। संपर्क - मो. 7067925702 & 9425532376.(RO-4941)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई, vivo सर्विसिंग सेंटर के ऊपर द्वितीयतल 500 फुटनिर्मित साथ मे ओपन एरिया 500 फुट, लेट बाथ अटैच दुकान किराये से देना है। संपर्क:- मो. 9229584533, 7987298062.(आरो नं.-724)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## जैकेट के शेष

### चार गांव, चार ....

नरदहा, सेमरिया, धनसुली और सकरी है, जहां आबादी सर्वाधिक है। इन 500 छात्रों में से लगभग 300 ही ऐसे हैं, जो इन गांवों में रहते हैं। कहा जा रहा है कि बाकी 200 में से कई फर्जी किरायानामा के आधार पर चयनित हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है, अपने बच्चों के लिए वे हर साल कोशिश करते हैं, पर सफलता नहीं मिल रही। शायद चयन में ही गड़बड़ी हो सकती है। यहां यह बताना लाजिमी है कि आरटीई कोटे के लिए बच्चों का चयन नोडल एजेंसी करती है। हरिभूमि ने इन चार गांवों के ग्रामीणों, पूर्व सरपंच सहित वर्तमान पदाधिकारियों से भी बात की और इन क्षेत्रों में आरटीई का हाल जाना। लंबे समय से जब आरटीई कोटे से इन स्कूलों में गांव के बच्चों का चयन नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने पतासाजी की। तब उन्हें पता चला कि लोग इन गांवों के नाम से फर्जी किरायानामा तैयार करवा रहे हैं। इन फर्जी पते-ठिकाने के आधार पर वे इन स्कूलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिला चुके हैं। इन गांवों के कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के ही कुछ लोग दोस्ती-रिश्तेदारी में अपना आधार कार्ड फर्जी किरायानामा के लिए दे देते हैं। संबंध खराब ना हो, इसलिए वे उनसे सीधे कुछ नहीं कहते। नोडल प्राचार्य से फिजिकल वेरिफिकेशन की मांग की जा चुकी है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान ही नहीं देता।

### आवेदन करते-करते ....

दिया तो कुछ ने पैसे जोड़कर अपेक्षाकृत छोटे निजी विद्यालयों में प्रवेश करवाया। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपनी पीड़ा साझा की।

### केमिकल ने ली आधा ....

से गुजर रहे लोगों ने मवेशियों को मृत हालत में देखा तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मवेशियों की मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर हिंदू संगठन से जुड़े लोग भी पहुंचे थे। यह अब तक पता नहीं चल पाया है कि चारा किसी सरकारी गोदाम का है या फिर किसी चारा बनाने वाली कंपनी ने फेंका है। जहां मवेशी मरे हैं, उसके आसपास दो से तीन पशु आहार बनाने वाली कंपनियों की फैक्ट्रियां हैं।

**हरिभूमि की पड़ताल में खाद मिलने की पुष्टि** : छह मवेशियों की मौत के बाद मौके पर हरिभूमि की टीम पहुंची तो पाया कि मवेशियों की मौत जिस चारा को खाने से हुई है, उसमें यूरिया सहित अन्य रासायनिक खाद की गंध आ रही थी। आशंका है कि केमिकलयुक्त चारा खाने से ही मवेशियों की जान गई है।

**मौके पर ही पोस्टमार्टम कर दफनाया** : मवेशियों की मौत के बाद पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर ही छह गायों की पोस्टमार्टम कर उनके शव को दफनाया। साथ ही बिसरा जांच के सैंपल लिए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा बिसरा जांच के बाद ही मवेशियों की मौत के कारणों का खुलासा होगा। अमानक चारा खाने से और मवेशियों के बीमार होने की आशंका के चलते गांव में पशुओं के बीमार होने पर जानकारी पशु चिकित्सा विभाग की टीम को देने मुनादी कराई गई है।

### घर में मिला महिला .....

मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 'फिजियोथेरेपी' विभाग में सहायक प्रोफेसर थीं। अर्चना अकेली रहती थीं, उनके पति डॉ. अनिल राहुले रायपुर, छत्तीसगढ़ में कार्यरत थे। उनका बेटा पुणे में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि अर्चना के पति जब कई दिनों बाद घर लौटे तो घर से दुर्गंध आ रही थी और घर का मुख्य दरवाजा भी खुला था। अंदर जाने पर उन्होंने देखा की उनकी पत्नी का शव बिस्तर पर पड़ा था। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी थी जिससे ऐसा लगता है कि उन पर हमला किया गया था और उनकी मौत संभवतः तीन दिन पहले हुई होगी क्योंकि शव क्षत विक्षत होना शुरू हो गया था।

### एक शव बरामद, दो ....

महिला और बच्चों की तलाश गोताखोरों की मदद से की जा रही थी। देर शाम को एक महिला का शव पड़ोसी जिले से बरामद कर लिया गया है। जबकि 4 लोग अभी भी लापता हैं। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी रवाना हुए थे। परिवार के लोग पिकअप के डाला में बैठकर उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी-जर्वे के पास सुबह लगभग 11.30 ग्राम मुकुंदपुर के पास पहुंचे ही थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में जा गिरी। हादसे के होते ही पिकअप वाहन में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई और किसी तरह परिवार के लोग नहर में तैर कर बाहर निकल पाये। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये। इस हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी व उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी नगर सेना के गोताखोरों के साथ पुलिस की टीम रेस्क्यू में जुट गयी। घंटों मशक्कत के बाद शाम को पड़ोसी जिले सक्ती नगरदा नहर से लापता इतवारी बाई के लाश को जीरो पाइंट नहर से बरामद कर लिया गया है।

**ये सभी निकले सुरक्षित** : बताया जाता है कि पिकअप वाहन में लगभग 25 लोग सवार थे। हादसे के होते ही लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि लगभग सभी ग्रामीणों को तैरना आता था जो पिकअप वाहन से बाहर आ गए और तैर कर सीधे नहर से बाहर आ गए। नहर से बाहर आए लोगों में मुख्य रूप से ग्राम रेडा निवासी संतोषी बाई 35 वर्ष, ज्वाला बाई 55 वर्ष, गणेश बाई 50 वर्ष, ममता बाई कंवर 26 साल, मेंम बाई 45 वर्ष, हरमती साहू 65 वर्ष, दयामती साहू 50 वर्ष, सुशीला कंवर 55 वर्ष, हरबचन कंवर 20 वर्ष, आकाश सिंह कंवर 14 वर्ष, विकास सिंह 13 वर्ष, तिलेश्वर 8 वर्ष, विद्या कंवर 18 वर्ष, नरेंद्र कंवर 12 वर्ष, हरिकिशन, प्रताप कुमार, अरविंद यादव, रजनी कंवर, दीपिका कंवर, चालक प्रहलाद दास 19 वर्ष शामिल हैं जो सभी लोग सुरक्षित बाहर आ चुके हैं।

### जेसीबी और ट्रैक्टर ....

कवायद शुरू की गई। जहां उरगा से जेसीबी वाहन, ग्रामीणों के ट्रैक्टर वाहन को मंगाया गया और रस्सी खींचकर पिकअप वाहन को किसी तरह बाहर निकल गया लेकिन पिकअप वाहन में किसी का भी कुछ पता नहीं चल पाया।

## पेज एक के शेष

### कोंडागांव में गिरे...

बादल छाए रहे। दोपहर दो बजे के बाद आसमान पर घने बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी, शाम तक शहरी इलाके में बारिश के आसार नजर आते रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। आसपास के ग्रामीण इलाकों में आंधी भी चली, जिससे कई पेड़ उखड़ने और बिजली बंद होने की खबरें आती रहीं। सरगुजा संभाग में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 14 अप्रैल से गरज-चमक बढ़ने की संभावना है। वहीं, प्रदेश में शनिवार को सबसे ज्यादा गर्म राजनांदगांव रहा। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रायपुर और बिलासपुर में दिन का पारा 40 डिग्री के पार रहा, जबकि 18 डिग्री के साथ अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा।

**ऑरेंज और येलो की चेतावनी** : मौसम विभाग पिछले पांच दिनों से अलग-अलग जिलों के लिए अलर्ट जारी कर रहा है। मौसम विभाग ने कबीरधाम, मुंगेली बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, गौरेला पेंड्रा मरवाही, सुकमा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बालोद, बलौदा बाजार, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर, जशपुर, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, नारायणपुर, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, और सरगुजा जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

### कबीरधाम में ओले...

खाड़ी से आने वाले नमी की वजह से प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। किसी न किसी इलाके में पिछले तीन-चार दिनों से बारिश हो रही है। रविवार को भी दोपहर बाद कुछ इसी तरह की स्थिति बनी। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, कबीरधाम इलाके में भी मौसम बदल गया और थोड़ी ओलावृष्टि के साथ काफी देर तक बारिश होती रही। राजधानी में दोपहर बाद बादल छाए और कुछ देर तक तेज गति से हवा चलती रही। अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है।

### वक्फ कानून के...

संवाददाताओं को बताया, हम धुलियान के मंदिरपाड़ा इलाके से इसलिए भागे क्योंकि हमारे घरों में आग लगा दी गई थी। महिलाओं और लड़कियों के साथ बाहरी लोगों तथा कुछ स्थानीय लोगों के एक समूह ने छेड़छाड़ की थी। महिला ने दावा किया, उन्होंने बम फेंके, हमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लिए दोषी ठहराया और हमें तुरंत अपने घर छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने हमारे घर के पुरुषों को पीटा। हम अपनी जान को लेकर डरे हुए थे और केंद्रीय बलों की मदद से अपने घरों से भागे। एक अन्य बुजुर्ग महिला ने कहा, हमने हमलावरों से हाथ जोड़कर माफी मांगी, जबकि हमने कोई गलत काम नहीं किया था।

### एसयूवी की ...

अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम ग्राम काराबेल महादेव मुड़ा पुल पर तेज रफ्तार एसयूवी का चालक बाइक सीजी 15 सीपी 0203 को टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बाइक सवार पुल से 20 फीट नीचे गिर गया इसके साथ ही दो अन्य युवक सड़क पर गिर गए। इनमें से एक युवक का पैर दो टुकडो में टूट गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, एसआई राजेन्द्र सिंह, रघुनाथ भगत सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पुल से नीचे गिरे युवक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

### दो दिन पहले...

पूर्व छुट्टी लेकर घर जाने के लिए निकला था लेकिन घर जाने के पहले वह रिश्तेदारों के घर मिलने चला गया। इसी दौरान उसने अपने साथ दो दोस्तों को भी ले लिया। रविवार की शाम युवक ग्राम तेलईधार से अपने घर जाने के लिए निकला। इस दौरान जैसे ही वह गांव से निकले वाली सड़क से निकलकर एनएच 43 पर पहुंचा पुल पर तेज रफ्तार एसयूवी के चालक ने टक्कर मार दी। तेज रफ्तार चालक बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजन को सूचना दी गई है इसके साथ ही दो अन्य मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

---

**विवादों से है पुराना नाता**

# 'जय श्री राम' नारे को लेकर घिरे गवर्नर रवि, डीएमके ने बताया संघ का प्रवक्ता

एजेंसी ▶▶| मदुरै

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। मदुरै के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों से 'जय श्री राम' का नारा लगाने को कहा, जिसके बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल रवि ने कंब रामायण के रचयिता, महान तमिल कवि कंबर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, इस दिन, आइए हम श्री राम के एक महान भक्त को श्रद्धांजलि दें। मैं कहूंगा और आप कहेंगे - जय श्री राम। इस दौरान छात्र भी उनका अनुसरण करते हुए नारा लगाते दिखाई दिए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और बहस का विषय बन गया है। राज्यपाल रवि के बयान और व्यवहार पर इस तरह की आलोचना से राज्य और केंद्र के बीच संबंधों में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।




### 'राज्यपाल कर रहे संविधान का उल्लंघन'

इस बयान के बाद राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके ने राज्यपाल पर जमकर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता धरनीधरन ने कहा, "राज्यपाल बार-बार संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का उल्लंघन कर रहे हैं। वह आरएसएस के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्हें अब तक इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा, हमने देखा है कि कैसे राज्यपाल संघीय ढांचे का उल्लंघन करते हैं और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें उनकी सीमाएं बताई हैं। यह उनका निजी धार्मिक प्रचार है, जो राज्यपाल के संवैधानिक पद के बिल्कुल विपरीत है।

### विवादों में रहे हैं राज्यपाल रवि

यह पहला मौका नहीं है जब राज्यपाल आरएन रवि किसी विवाद में फंसे हों। इससे पहले भी वे राज्य सरकार और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ कई बार टकराव में आ चुके हैं। राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करना और कई बार उन्हें बिना कारण के लंबित रखना, चर्चा का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्यपाल रवि की भूमिका पर सख्त टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल किसी भी विधेयक को अनिश्चितकाल तक रोके नहीं रख सकते। कोर्ट ने उनके फैसले को असंवैधानिक और अवैध करार दिया था।

### राज्यपाल बढ़ा रहे धार्मिक तनाव : कांग्रेस

कांग्रेस विधायक आस्सान मौलाना ने भी राज्यपाल की आलोचना करते हुए कहा कि वह किसी धर्मगुरु की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्यपाल जैसे ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति से इस तरह की उम्मीद नहीं की जाती। भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है - यहां कई धर्म, भाषाएं और समुदाय हैं। एक ही धर्म विशेष को बढ़ावा देना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, छात्रों से बार-बार धार्मिक नारे लगवाना असमानता और धार्मिक भेदभाव को जन्म देता है। राज्यपाल अब भाजपा और आरएसएस के प्रचारक बन चुके हैं।

## दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ताडोबा बाघ अभयारण्य में लौटे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में ताडोबा अंधारी बाघ अभयारण्य (टीएटीआर) के प्राकृतिक घास के मैदानों में दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियां देखी जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह प्राकृतिक घास के मैदान 19 साल पहले छह गांवों को मूल क्षेत्र से स्थानांतरित करने के कारण बने हैं। 'बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी' ने महाराष्ट्र में लुप्तप्राय पक्षियों के संरक्षण प्रजनन परियोजना की शुरुआत की है, जिसमें 'लेसर फ्लोरिकन' जैसे पक्षी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुछ राज्यों तक सीमित यह लुप्तप्राय पक्षी, लुप्त होते घास के मैदानों के कारण खतरे में है। उन्होंने कहा कि देश में इस लुप्तप्राय पक्षी की संख्या 500 से भी कम है।

## एनआईए कोर्ट के जज को जान से मारने की धमकी, चिट्ठी में दो नक्सली नेताओं का नाम

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के रांची में एनआईए कोर्ट के जज को जान से मारने की धमकी मिली है। जज को स्पीड पोस्ट के जरिए धमकी भरा पत्र भेजा गया है। इसके अलावा पत्र में दो नक्सली नेता प्रशांत बोस और शीला मरांडी को भी जेल ब्रेक कर बाहर निकालने का भी जिक्र किया है। साथ ही पत्र में लिखा गया है कि जज को मारने के लिए शूटर को पैसे भी दे दिए गए हैं। पुलिस इस मामले 4 संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। इनमें अरुण कुमार, अनामिका इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, साकेत तिर्की और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट में हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। जज की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है. पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही इस मामले को सुलझा लेंगे और दोषियों को पकड़ लेंगे।




### दो पत्र मिले, पते अलग-अलग लिखे

जानकारी के मुताबिक कोर्ट में उन्हें स्पीड पोस्ट से भेजे गए दो लिफाफे मिले। लिफाफों में पत्र भेजने वाले का नाम अलग-अलग लिखा हुआ था। इन पत्रों में एनआईए कोर्ट के जज पर हमला करने और जेल ब्रेक करने की बात लिखी थी। साथ ही ये भी लिखा था कि इसके लिए शूटरों को पैसा दिए जा चुके है।

### मुख्य मकसद प्रशांत-शीला को छुड़ाना

पत्र में यह स्पष्ट लिखा है कि जेल ब्रेक का मकसद प्रशांत बोस और शीला मरांडी को जेल से छुड़ाना है. इसके अलावा पत्र में एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था, जिसमें अरुण कुमार का नाम भी लिखा हुआ था। वहीं दूसरे पत्र में रांची के ही खेलगांव के अनामिका इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और खूंटी के कर्रा थाना के रहने वाले साकेत तिर्की का नाम लिखा गया है।

## आंबेडकर जयंती पर राष्ट्रपति ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर नागरिकों को बधाई दी और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान भविष्य की पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने को प्रेरित करता रहेगा। एक संदेश में उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी असाधारण उपलब्धियों से दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वह शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और वंचितों के सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन मानते थे। मुर्मू ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान भावी पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, /"इस अवसर पर, आइए हम अपने जीवन में डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें तथा एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करें।



## नाबालिगों का यौन उत्पीड़न करने वाला पादरी जेबराज केरल से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

तमिलनाडु में दो नाबालिगों का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी पादरी जॉन जेबराज को केरल के मुन्नार से गिरफ्तार किया गया है। उसकी गिरफ्तारी शनिवार शाम को की गई। रविवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जेबराज कोयंबटूर में किंग्स जेनरेशन चर्च का पादरी है। 37 वर्षीय पादरी जेबराज कई महीनों से गिरफ्तारी से बच रहा था। कोयंबटूर सिटी पुलिस ने आरोपी को खोजने के लिए कई टीमें गठित की थीं। वह देश से भागने में सफल न हो सके, इसके लिए पुलिस ने आरोपी पाटरी के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। कोयंबटूर पुलिस लगातार आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। कोयंबटूर के सेंट्रल ऑल वूमेन थाने की पुलिस ने पादरी को केरल के मुन्नार में ट्रैक किया और शनिवार शाम को वहां पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया।



### पादरी ने आरोपों के पीछे बताया था अपनी पत्नी का हाथ

हालांकि, आरोपी पादरी जेबराज ने हाल ही में अग्रिम जमानत के लिए मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था। इस दौरान पादरी ने उस पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को झूठा बताया था। उसने दावा किया था कि इन आरोपों के पीछे उसकी पत्नी का हाथ है, जो उससे अलग रह रही है।

### पार्टी के दौरान नाबालिगों के साथ घटना

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पादरी जेबराज ने पिछले साल मई में कोयंबटूर में अपने घर पर एक पार्टी की थी। पार्टी के दौरान उसने दो नाबालिगों के साथ कथित तौर पर यौनशोषण किया था। पीड़ितों में से एक ने पादरी द्वारा किए कृत्य की जानकारी अपने एक रिश्तेदार को जानकारी दी, जिसके बाद सेंट्रल ऑल वूमेन पुलिस स्टेशन में पादरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई।

**अफगानिस्तान में तालिबान ने कसा शिकंजा**

## नमाज न पढ़ने, हेयर स्टाइल वाले पुरुषों व नाइयों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान की सरकार ने महिलाओं के बाद अब पुरुषों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। तालिबान की नैतिक पुलिस अब उन पुरुषों को हिरासत में ले रही है, जो रमजान के पवित्र महीने में मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ने से चूक गए थे। इसके अलावा अजीब तरीके की हेयर स्टाइल रखने पर पुरुष और उनके नाइयों को भी पकड़ा जा रहा है। इससे अफगानिस्तान में हालात चिंताजनक हो गए हैं।



### 50 लोगों को हिरासत में लिया गया

संयुक्त राष्ट्र की जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान ने अगस्त में लोगों के आचरण को नियंत्रित करने वाले कानून लागू किए थे, जिसके बाद अब यह कार्रवाई हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, कानून लागू होने के बाद अब तक 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन पर आरोप है कि इनकी दाढ़ी की लंबाई या हेयर स्टाइल नियम के अनुरूप नहीं थे। इन लोगों के बालों को स्टाइलिस्ट बनाने वाले नाइयों को भी हिरासत में लिया गया।

### किन चीजों पर हुई है सख्ती?

अफगानिस्तान में तालिबान के उप और सदाचार मंत्रालय ने अगस्त 2024 में जो कानून लागू किए थे, उसमें अफगानिस्तान में रोजमर्रा की जिंदगी की कई चीजों को शामिल किया गया था। इसमें सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल, संगीत बजाना, शेविंग करना, कपड़ों का चयन, हेयर स्टाइल और नमाज पढ़ने की अनिवार्यता और समारोह के आयोजन का तरीका बताया गया था। तालिबान की नैतिकता पुलिस नियमित रूप से लोगों को उचित प्रक्रिया और कानूनी सुरक्षा के बिना हिरासत में लेती है।

**अफगानिस्तान में तैनात हैं 3,300 पुरुष निरीक्षक** : यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में 28 में करीब 3,300 पुरुष निरीक्षक तैनात हैं। इनमें से अकेले राजधानी काबुल प्रांत में 540 निरीक्षक हैं। इनका काम शुद्ध इस्लामी व्यवस्था की तालिबानी परिकल्पना को पूरे देश में लागू करना है।

## मुंडन संस्कार के बीच पहुंचे बदमाश, रिश्तेदार को गोलियों से किया छलनी; हुई मौत

**अलीगढ़।** जिले में हत्या का खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां बदमाशों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि शख्स अपनी रिश्तेदारी में मुंडन समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। इसी बीच बाइक सवार कुछ बदमाश अचानक से आए और घर में घुसकर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में आया था। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। वहीं पुलिस हमला करने वाले आरोपियों के कुछ रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

**कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
E-mail ID: ddakawardha.cg@nic.in

क्र./तक-4/NMEO-OS/2025-26/144 कबीरधाम, दिनांक-08/04/2015


**"रूचि की अभिव्यक्ति"**

उप संचालक कृषि, जिला-कबीरधाम में नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल-ऑयलसीड्स (NMEO-OS) अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत मृदा परीक्षण, कृषक प्रशिक्षण, कृषक खेतपाठशाला का आयोजन, कृषि मैपर में पंजीयन का क्रियान्वयन करने हेतु मूल्य श्रृंखला भागीदारी (VCP) के चयन हेतु प्रतिष्ठित एजेंसी / संस्था आदि से दिनांक-17.04.2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से "**रूचि की अभिव्यक्ति**" आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला-कबीरधाम के सूचना पटल पर या www.kawardha.gov.in में देखी जा सकती है।

**उप संचालक कृषि,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

## शब्द पहेली - 5836



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5835 का हल



## सूडोकु नवताल - 5846

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5845 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## खबर संक्षेप

### कम आवक से मूंगफली सरसों तेल के भाव सुधरे



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। वहीं मंडियों में किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर रही पूंजीकरण में सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 207.43 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### जीएसटीआर-3बी फॉर्म में अप्रैल से फेरबदल नहीं




**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि अप्रैल, 2025 से जीएसटी करदाताओं को मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में अपंजीकृत व्यक्तियों और छोटे करदाताओं (कंपोजिशन योजना के अंतर्गत आने वाले करदाता) को की गई अंतर-राज्यीय आपूर्तियां दिखाने वाली तालिका में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# अप्रैल में बारिश और कीमतों में वृद्धि से एसी की बिक्री पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- दक्षिण, उत्तर व पूर्वी क्षेत्रों में बारिश ने एसी के बिक्री की गति धीमी की

दक्षिण भारत में रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में मध्यम वर्षा के साथ हाल ही में आए तूफान ने अप्रैल में घर में इस्तेमाल होने वाले रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री की गति धीमी कर दी है।

हालांकि, उद्योग को इस साल अब भी इस खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि हाल के मौसम पूर्वानुमानों में तीव्र गर्मी का संकेत दिया गया है। ब्लू स्टार, सैमसंग और हायर जैसी एसी कंपनियां भी अप्रैल से कीमतों में पांच प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही हैं।

## एसी कंपनियां अप्रैल से पांच फीसदी की वृद्धि करने जा रही

### अभी भी चीन से कंप्रेसर का आयात

यह मूल्यवृद्धि व्यापक आर्थिक अस्थिरता के बीच मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के प्रभाव को कम करने के लिए है। इसके अलावा, रूम एसी उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन से कंप्रेसर, पीसीबी और पंखा मोटर जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों के आयात पर निर्भर है, और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू किए गए शुल्क गतिरोध को लेकर चिंतित है।



### अब लोग ठंडा करने की क्षमता पर दे रहे ध्यान

हायर इंडिया के अध्यक्ष एन सतीश ने कहा, 'अब लोग टन भार के बजाय ठंडा करने की क्षमता पर ध्यान देने लगे हैं।' सतीश ने बताया कि हायर इंडिया 15 अप्रैल से रूम एसी की कीमत में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। उन्होंने कहा, यह कुल वृद्धि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी और मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव के प्रभाव के कारण है।

*ब्लू स्टार कीमतें बढ़ाने वाली पहली कंपनी : 'कच्चे माल और विनिमय दर के कारण हम पहले ही कीमतों में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। हम ऐसा करने वाली पहली कंपनी हैं।' तांबा, इस्पात, एल्युमीनियम और रेफ्रिजरेंट गैस जैसे कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही हैं। डॉलर बनाम रुपये की विनिमय दर भी अस्थिर रही है।*

### बाजार का करीब 23 फीसदी व्यापार दक्षिण क्षेत्र से

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि अब तक रूम एसी की बिक्री पर मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिला है। नंदी ने कहा, अगर आप दक्षिणी बाजार को देखें तो बीच-बीच में बारिश हो रही है। हालांकि, उत्तर, पश्चिम और पूर्व में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाजार का करीब 23 प्रतिशत हिस्सा दक्षिणी क्षेत्र है, जो अभी तक गर्म नहीं हुआ है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों ने कहा

# निवेशकों के लिए भारत में काफी अवसर वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक और काफी अवसरों वाला मजबूत बाजार है तथा निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने के बजाय अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत है।

इसके साथ निवेशक निवेश राशि को एक जगह लगाने के बजाय बांड, सोने, सावधि जमा समेत अन्य क्षेत्रों पर लगाने पर गौर कर सकते हैं। अमेरिका के शुल्क लगाने की घोषणा के बाद हाल में शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के साथ म्यूचुअल फंड में विशेषकर इक्विटी से जुड़े रिटर्न पर भी असर पड़ा है। वहीं सोने के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से निवेशक इसमें नये निवेश से बच रहे हैं।

- भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक बाजार
- निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने की जरूरत नहीं
- निवेशक अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहे



### बांड, सोना और शेयरों में एसआईपी अच्छे उपाय

इन परिस्थितियों में निवेशकों के पास निवेश के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (निवेश उत्पाद) अमर रानू ने कहा, उथल-पुथल से भरी दुनिया में, भारत एक ऐसा बाजार है, जो स्थिर और अवसरों से भरा है। मौजूदा हालात में चुनिंदा बॉन्ड में निवेश, सुरक्षा के लिए सोने और शेयरों में एसआईपी सबसे अच्छे उपाय हो सकते हैं।

*भारत निवेश के लिए आकर्षक स्थल बना :* यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लि. के इक्विटी प्रमुख संजय बेम्बालकर ने कहा, 'हमारा मानना है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था के नजरिये से भारत आकर्षक स्थल बना हुआ है। अनिश्चितता से भरे मौजूदा माहौल में हमारा सुझाव है कि निवेशकों को धैर्य रखना चाहिए और लंबी अवधि के निवेश नजरिये को अपनाने के साथ एसआईपी/एसटीपी (सिस्टेमैटिक ट्रांसफर प्लान) को जारी रखना चाहिए।

### एक ही जगह पैसा लगाने से बचे

विनित ने कहा, 'ऐसी स्थिति में निवेशकों के लिए सबसे बेहतर विकल्प एक विविध रणनीति है जो जोखिम और लाभ को संतुलित करे। चुनिंदा कम अवधि के बॉन्ड, अच्छी कंपनियों के शेयर और महंगाई से निपटने में मददगार सोने जैसी परिसंपत्तियों में पूंजी लगाने से इस दौर से मजबूती से निपटने में मदद मिल सकती है। एक ही जगह पैसा लगाने से बचना और अल्पकालिक रुख के हिसाब से निर्णय नहीं करना, सबसे जरूरी है।'

### वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा

वित्तीय सेवा कंपनी वेंचुरा के शोध प्रमुख विनित बोलिंजकर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर तनाव, वृहद आर्थिक बदलाव और पूंजी प्रवाह में अस्थिरता के कारण उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के मौजूदा माहौल में वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। इसका असर सिर्फ शेयर बाजार पर ही नहीं, बल्कि म्यूचुअल फंड के रिटर्न पर भी पड़ा है....।"

### नकदी प्रवाह वाली कंपनियों में पैसा लगाए

बोलिंजकर ने कहा, "जो लोग इक्विटी में निवेश करते हैं या इन स्तर पर निवेश करने विचार कर रहे हैं, उनके लिए मेरी सलाह स्पष्ट है कि बुनियादी बातों पर ध्यान दें। यह उच्च-बीटा ट्रेड या सट्टे वाले क्षेत्रों के लिए समय नहीं है। इसके बजाय, वे ऐसी कंपनियों में पैसा लगाये हैं, जहां लगातार नकदी प्रवाह है, कर्ज प्रबंधन लायक है और कीमत निर्धारण के लिहाज से स्थिति मजबूत है।"

### आपात समय के लिए नकदी रखें

बोलिंजकर ने कहा, "यदि आप म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश कर रहे हैं तो अपने एसआईपी जारी रखें। वास्तव में, यह अस्थिरता रुपया-लागत औसत को बेहतर करने का एक अच्छा अवसर है। लेकिन यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी वित्तीय बुनियाद सुरक्षित है। इसके लिए आपात समय के लिए नकदी रखें और अत्यधिक कर्ज से बचें।"

# बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- साइबर धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी
- अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद होता है

फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है।

बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे। धोखेबाज बैंकिंग प्रणाली के जरिये अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज प्रणाली में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं। बैंकों ने स्थायी खाता संख्या या पैन की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खाते खोलने वाले व्यक्तियों को सत्यापित करने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़ों का उपयोग करने और ऐसे खातों पर लेनदेन की संख्या को सीमित करने का प्रस्ताव दिया है।

### एआई को निगरानी प्रणाली से जोड़ा जा सकता है

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) को लेनदेन निगरानी प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है। कार्यसमूह ने कहा कि प्रौद्योगिकी में निवेश, कर्मचारियों के प्रशिक्षण और हितधारकों के बीच सहयोग से वित्तीय क्षेत्र अधिक सुरक्षित बन सकेगा।

# एलन का नि:शुल्क नीट नेशनल मॉक टेस्ट 20 को



**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 4 मई को आयोजित होने जा रही है। इस बड़ी परीक्षा से पहले नेशनल लेवल पर सेल्फ एनालिसिस के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से देशभर के स्टूडेंट्स के लिए नि:शुल्क नीट नेशनल मॉक मेजर टेस्ट 20 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। यह टेस्ट ओपन फॉर आल होगा, जिसमें एलन स्टूडेंट्स के साथ देश के अन्य स्टूडेंट्स भी नि:शुल्क शामिल हो सकेंगे। देश के स्टूडेंट्स की नीट परीक्षा की तैयारी को परखने के लिए एलन की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा पूरे देश में एलन के देश में 59 शहरों में 138 क्लासरूम कैम्पस पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा 20 अप्रैल, रविवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। एलन की ओर से आयोजित इस परीक्षा में एलन से बाहर के अन्य स्टूडेंट्स भी नि:शुल्क शामिल हो सकेंगे। इसका उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स समय अपना सेल्फ एनालिसिस कर सकें और मुख्य परीक्षा में पहले अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकें। एलन से बाहर के स्टूडेंट्स एलन वेबसाइट **www.allen.ac.in** पर जाकर नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह टेस्ट स्टूडेंट्स को रियल एग्जाम जैसा माहौल प्रदान करेगा, जिससे वे अपने टाइम मैनेजमेंट, एक्यूरेसी में सुधार के साथ अपनी तैयारी के स्तर का एनालिसिस कर सकें।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों विप्रो और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी इस सप्ताह बाजार की चाल तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। 'डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर' जयंती के कारण सोमवार को और 'गुड फ्राइडे' के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, "यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है और दोनों देश एक-दूसरे पर शुल्क-पर-शुल्क लगा रहे हैं।

# चीन की अपेक्षा अमेरिका को भारत से भेजे जाने वाले स्मार्टफोन सस्ते होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उद्योग निकाय आईसीईए ने रविवार को कहा कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई छूट के बाद भारत से अमेरिका को आईफोन, स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप का निर्यात चीन से भेजे जाने वाले सामानों की तुलना में 20 प्रतिशत सस्ता हो जाएगा। अमेरिका ने शनिवार को अपने शुल्क आदेश में संशोधन करते हुए स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप और कुछ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नए करों से छूट दी थी।आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, चीन पर अभी भी आईफोन, लैपटॉप, टैबलेट और घड़ियों के लिए 20 प्रतिशत कर है। चीन के लिए केवल जवाबी शुल्क हटाया गया है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सभी आईफोन, स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट पर शून्य शुल्क है। वियतनाम के लिए भी शून्य शुल्क है। ...इसलिए भारत और वियतनाम को चीन के मुकाबले 20 प्रतिशत शुल्क लाभ हासिल है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों और उनके विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

*भारत से निर्यात दो लाख करोड़ रुपए को पार कर गया*
*आईसीईए के अनुसार, भारत से मोबाइल फोन निर्यात 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया है, जो 2023-24 में दर्ज 1.29 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक है। स्मार्टफोन खंड में अकेले आईफोन का निर्यात 1.5 लाख करोड़ रुपये का है।*

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# बकिंघम विवि से अच्युत सामंत को 65वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**भुवनेश्वर।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, महान शिक्षाविद्, केआईआईटी एवं केआईआईएस के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को गुरुवार को बकिंघम यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा विश्वविद्यालय के अपने स्नातक समारोह के दौरान मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री, ऑनोरिस कॉसा) प्रदान की गई। यह अच्युत सामंत की 65वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है जिससे वे सम्मानित हुए। यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में प्रोफेसर डॉ. सामंत के उल्लेखनीय योगदान को स्पष्ट करता है। प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी के शीर्ष अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पिछले 33 साल से मैं समाज की बेहतरी के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री मेरे लिए एक यादगार मील का पत्थर रहेगी।' गौरतलब है कि महान शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को अब तक दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा इस मानद डॉक्टरेट समेत 65 मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

# आरबीआई बैंकों से आवेदन 'प्रवाह' मंच के जरिए लेगा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी सभी विनियमित इकाइयों को एक मई, 2025 से नियामकीय मंजूरी, लाइसेंस और अनुमोदन के लिए आवेदन जमा करने के लिए 'प्रवाह' मंच का उपयोग करने को कहा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बयान में कहा कि वह सेवा वितरण में दक्षता, पारदर्शिता और समय पर कार्य पूरा करने के लिए नियामकीय अनुमोदन प्रक्रियाओं में शामिल सभी आंतरिक कार्यों को डिजिटल रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। आरबीआई ने पारदर्शी तरीके से सेवाओं की निर्बाध, सुरक्षित और त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियामकीय मंजूरी, लाइसेंस और अनुमोदन को लेकर ऑनलाइन आवेदन सुव्यवस्थित करने के लिए 28 मई, 2024 को 'प्रवाह' (नियामक आवेदन, सत्यापन और प्राधिकरण के लिए मंच) पोर्टल पेश किया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### 300 टी20 मैच खेलने वाले पहले पेसर बने भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में 6 विकेट चटकाए हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 316 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 291 टी20 मैच खेले हैं और जारी सीजन में अगर वह सभी मैच खेलते हैं तो वह भी 300 का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

### आईपीएल : नौ विकेट की जीत से तीसरे स्थान पर आरसीबी

# कोहली 100 फिफ्टी पूरे करने वाले पहले भारतीय, बेंगलुरु ने राजस्थान को रौंदा

एजेंसी ▶▶| जयपुर

फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया।

सॉल्ट और कोहली के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली टी20 में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।




### हरी जर्सी पहनकर उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में रेड जर्सी की जगह ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे। खास बात ये है कि यह हरी जर्सी स्टेडियम में मिले कचरे से बनाई गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हर आईपीएल सीजन में एक मुकाबला ग्रीन जर्सी पहनकर खेलती है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरती है। आरसीबी साल 2011 से ही अपने 'गो ग्रीन' इनिशिएटिव के तहत ऐसा करती आ रही है।

### कोहली ने की वॉर्नर की बराबरी

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट ने अपना 100वां अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्लब की बराबरी कर ली। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में यह कोहली से बल्ले से आया तीसरा पचासा है। उन्होंने अबतक खेले छह मैचों में 248 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 2 |
| सैमसन स्टं जितेश बो कृणाल | 15 | 19 | 1 | 0 |
| पराग का कोहली बो यश | 30 | 2 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 2 | 2 |
| हेटमायर का देवदत्त बो भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1 | 0 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 173/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-32-1, यश 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, कृणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टोन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जायसवाल बो कार्तिकेय | 65 | 33 | 5 | 6 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 4 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 5 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 17.3 ओवर में 175/1
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-21-0, संदीप 2.3-0-29-0, तीक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.

### हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी



नहीं गंवाए हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है।

### अल्कारेज ने जीता मोंटे कार्लो खिताब

**मोनाको।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां चोट से परेशान लोरेंजो मुसेटी को तीन सेट में हराकर मोंटे कार्लो टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा मास्टर्स 1000 खिताब है। अल्कारेज ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराया। अल्कारेज का मोंटे कार्लो का यह पहला और कॅरियर का टूर स्तर का 18वां खिताब है। यहां जीत के बाद स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुसेटी तीसरे सेट के दौरान दाएं पैर की चोट से परेशान दिखे और उन्होंने 0-3 के स्कोर पर उपचार भी कराया। लेकिन इटली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को मूव करने में दिक्कत हो रही थी जिसका फायदा उठाकर अल्कारेज ने जीत दर्ज की।



## अपने ही घर में टूटा दिल्ली की जीत का क्रम, मुंबई ने 12 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल के मौजूदा सत्र में जीत का सिलसिला अपने ही घर में टूट गया जब मुंबई इंडियंस ने उसे रविवार को 12 रन से मात दी। पहले चारों मैच जीतकर इस सत्र में पहली बार अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेल रही दिल्ली कैपिटल्स ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में एक समय 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे लेकिन आखिरी नौ विकेट 53 गेंद और 74 रन के भीतर गंवा दिए।

दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हो गई। मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स और फॉर्म में चल रहे केएल राहुल के कीमती विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा निगम | 18 | 12 | 2 | 1 |
| रियान रिकेलटन बो कुलदीप | 41 | 25 | 5 | 2 |
| सूर्यकुमार का स्टार्क बो कुलदीप | 40 | 28 | 5 | 2 |
| तिलक का पोरेल बो मुकेश | 59 | 33 | 6 | 3 |
| पंड्या का स्टब्स बो निगम | 02 | 04 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 38 | 17 | 3 | 2 |
| विल जैक्स नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 205/5 गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-43-0, मुकेश 4-0-38-1, निगम 4-0-41-2, कुलदीप 4-0-23-2, अक्षर 2-0-19-0, मोहित 3-0-40-0.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का जैक्स बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल का धीर बो कर्ण | 33 | 25 | 3 | 1 |
| करुण नायर बो सेंटनेर | 89 | 40 | 12 | 5 |
| केएल राहुल का और बो कर्ण | 15 | 13 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल का यादव बो बुमराह | 09 | 06 | 2 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का धीर बो कर्ण | 01 | 04 | 0 | 0 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 17 | 14 | 2 | 0 |
| निगम स्ट रिकेलटन बो सेंटनेर | 14 | 08 | 1 | 1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 13, योग : 19 ओवर में 193/10 गेंदबाजी : चाहर 3-0-24-1, बोल्ट 2-0-21-0, बुमराह 4-0-44-1, सेंटनेर 4-0-43-2, पंड्या 2-0-21-0, कर्ण 4-0-36-3.

### हैट्रिक रन आउट से मिली जीत

मुंबई ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करके तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया। आशुतोष 19वें ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह को दो रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए। अगली गेंद पर कुलदीप यादव और आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा भी रन आउट हो गए। इस हार के बाद दिल्ली अब पांच मैचों में आठ अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि सत्र में छह मैचों में दूसरी जीत के बाद मुंबई इंडियंस सातवें स्थान पर आ गई है।

### बार्सिलोना ने ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है।



# कभी देखा है! बाघ को भीषण गर्मी में नल के पानी से प्यास बुझाते





**भिलाई।** मैत्री गार्डन में बाघ रुस्तम रविवार की दोपहर भीषण गर्मी की वजह से बेहाल दिखा। पहले तो उसने नल में लगी लेजम से निकल रहे पानी से अपनी प्यास बुझाई। उसके बाद लेजम को पंजे व मुंह से काटकर अठखेलियां खेलने लगा। उसकी इस अठखेलियों को देखकर सैलानियों ने उसे अपने कैमरे में कैद करने के लिए फोटो क्लिक भी किए। वहीं सैलानियों की जुबान पर एक ही शब्द था कि अपने कभी देखा है कि बाघ अपनी प्यास नल के पानी से बुझा रहा है? उधर मैत्री गार्डन जू प्रशासन बाघ रुस्तम व राणा को गर्मी से राहत दिलाने के लिए नल में लगी लेजम से पानी की बौछार करते भी दिखे।

## राकेश आज संभालेंगे छग ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष का पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार राकेश पांडेय सोमवार को ग्रहण करेंगे। वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम सांइस कालेज परिसर रायपुर में शाम 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में पदभार लेंगे।



पदभार व अभिनंदन समारोह के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष पांडेय समारोह में पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत हितग्राहियों को टूल वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री दयालदास बघेल, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री लखनलाल देवांगन, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू व महापौर मीनल चौबे उपस्थित रहेंगी।

### बांध में मोटर पंप लगाकर 18-18 घंटे हो रही पानी की सिंचाई

# गर्मी के धान की 'भूख' ने सुखा दिया सौ एकड़ के बड़े बांध को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी में धान की अधिकाधिक पैदावार लेने की भूख में किसानों ने सौ एकड़ का बांध सुखा दिया। वैसे तो बांध 98 प्रतिशत तक सूख चुका है, लेकिन बांध में अब भी शेष दो प्रतिशत पानी से ग्रामीण निस्तारी कर रहे हैं। बांध में आधा दर्जन किसानों ने अपने-अपने मोटर पंप लगा रखे हैं। जिससे वे अपनी-अपनी फसल को हर हाल में जिंदा रखने के प्रयास में हैं। वह दिन दूर नहीं जब 18-18 घंटे बांध से पानी खींच रहे किसान बांध की अंतिम बूंद तक सुखा देंगे।

तखतपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत केकड़ार स्थित बांध के हलक खुद सूखने की कगार पर हैं। यहां बांध के चारों ओर स्थित किसानों ने अपने-अपने खेतों में धान की फसल लगा रखी है।

ये सभी वे किसान हैं, जिनके खेतों के बड़े-बड़े चक हैं, और सभी में फसल की सिंचाई के लिए स्वयं के बोर स्थापित हैं। इसके विपरीत वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण भू-जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण ज्यादातर किसानों के बोर या तो सूख चुके हैं, या फिर पानी की पूर्ति नहीं के बराबर हो पा रही है। ऐसी हालत में अपनी धान की फसल को हरा व जिंदा रखने के लिए किसानों ने केकड़ार बांध से पानी लेना शुरू किया है।

#### फसल में प्रतिबंध नहीं है

गर्मी में धान की फसल नहीं लेने संबंधी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। सिंचाई के लिए पानी की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किसानों को धान की फसल न लेने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी यदि वे धान लगाना चाहें तो स्वतंत्र हैं।

**पीडी हथेश्वर**, डीडीए एग्रीकल्चर



#### 11 हजार हेक्टेयर में लगा गर्मी का धान

सरकार व कृषि विभाग की लाख समझाईश के बाद भी जिले के किसानों में गर्मी में धान की फसल लगाने का मोह नहीं छूट रहा है। आंकड़ों की बात करें तो जिले में इस वर्ष 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने गर्मी का धान लगाया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसल जैसे मक्का व अरहर जैसी फसल लेने की समझाईश दी जाती है, लेकिन किसान फिर भी धान के पीछे ही भाग रहे हैं।

#### इसलिए नहीं छूट रहा मोह

गर्मी में धान की फसल ज्यादातर वे किसान लेते हैं, जिनके पास सिंचाई के स्वयं के साधन हैं। गर्मी में धान लेने का एकमात्र उद्देश्य यह है इस दौरान तेज धूप होने के कारण फसल में किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं होती। बीमारी नहीं होने के कारण किसानों का दवा पर होने वाला खर्च पूरी तरह बच जाता है। इसके साथ ही गर्मी में धान का उत्पादन भी भरपूर मिलता है। यही कारण है कि किसान गर्मी में धान की फसल लेने का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं।

### तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला मामला

## आरोप सही होता तो छापा में केवल 72 हजार मिलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पिछले 10 सालों से शांति की बात कर रहा हूं। माओवादियों को लंबे समय से हथियार डालने और बस्तर में शांति लाने आव्हान कर मुख्यधारा में आने की बात कह रहा हूं। माड़ डिवीजन कमेटी का पत्र मुझे मिला है। 8 अप्रैल



को 9 महीने पहले बस्तर के बड़े नक्सली नेताओं से मैंने शांति की अपील की थी तब उन्होंने हथियार डालने से इंकार कर दिया था। यह बातें आदिवासी नेता, पूर्व विधायक एवं बस्तरिया राज पार्टी के अध्यक्ष मनीष कुंजाम ने कही। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला मामले में आदिवासियों की आवाज को दबाने और बदले की भावना से एसीबी व ईओडब्लू की छापा मारा जा रहा है। आरोप सही होता तो केवल 72 हजार मिलता। तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला के असली गुनाहगार को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### 15 को सुकमा बंद का आव्हान

बस्तरिया राज पार्टी के रामा सोढ़ी ने कहा कि मनीष कुंजाम के निवास पर एसीबी और ईओडब्लू की छापा के विरोध में 15 अप्रैल को सुकमा जिला बंद का आव्हान किया गया है। वहीं 16 अप्रैल को जंगी विरोध भी किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं मनीष कुंजाम की छवि को धूमिल करने यह छापा मारा गया है।

### चाम्पा पुलिस की कार्रवाई

## बीमारी ठीक करने का दावा कर धर्मांतरण, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर - चाम्पा

बीमारी ठीक करने का दावा कर, प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वाले 4 आरोपियों को चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, टीवी, साउंड सिस्टम और प्रचार सामग्री बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार



चाम्पा के बीडीएम हॉस्पिटल रोड स्थित मोदी काम्प्लेक्स बिल्डिंग के तीसरी मंजिल में कुछ लोगों द्वारा प्रार्थना सभा कराई जा रही थी। धर्मांतरण कराने की सूचना पुलिस को मिली। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम मौके मौके पर पहुंची। टीम ने कुछ लोगों को पकड़कर थाना लाया। पुलिस ने इंदौर मध्य प्रदेश निवासी 40 वर्षीय जैक्सन बिन्नी बिल्फ्रेड, तेलीबांधा रायपुर निवासी 20 वर्षीय योगेश कुमार साहू , इंदौर मध्य प्रदेश निवासी 40 वर्षीय हेतल विनुभाई मेकवान और चाम्पा निवासी 37 वर्षीय अनुसुइया अनंत को गिरफ्तार किया है।

#### जिस युवक को निर्वस्त्र कर पीटा उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस

जांजगीर - चाम्पा। युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मालखरौदा पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली में एक युवक की निर्वस्त्र कर पिटाई करने का मामला सामने आया था। सोशल मिडिया में 11अप्रैल को घटना का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कुछ लोग युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई कर रहे थे। वायरल वीडियो के संबंध में जब मालखरौदा पुलिस ने पतासाजी की तो पता चला कि घटना 8 अप्रैल की थी। युवक की पहचान बासीन निवासी राहुल अंचल के रूप में हुई। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने राहुल के साथ मारपीट कर निर्वस्त्र करने के अपराध में शनिवार 12 अप्रैल को 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इधर रविवार 13 अप्रैल को राहुल अंचल के खिलाफ भी पुलिस ने अपराध दर्ज किया।




















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com